तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 26.5 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



शहर में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। जिससे धूप से बचने के लिए छाते बाहर आ गए हैं।

# छात्राओं व प्रवासी मजदूरों के लिए लांच हुआ इंडेन का 'छोटू' सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

गांव-देहात व जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पढ़ने या कामकाज के सिलसिले में शहर पहुंचे लोगों को खाना बनाने के लिए गैस सिलेंडर की चिंता करने की अब कोई जरूरत नहीं है। इंडेन गैस कंपनी ने ऐसे लोगों के लिए खास तौर पर पांच किलोग्राम वजनी 'छोटू' सिलेंडर लांच किया है। इसे लेने के लिए किसी खास दस्तावेज की जरूरत नहीं होगी। शासन द्वारा जारी किसी भी पहचानपत्र के जरिए इसे इंडेन के अधिकृत डीलरों से प्राप्त किया जा सकेगा।

शहर आकर पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं या कामकाजी महिलाओं के अलावा इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों को अब गैस सिलेंडर की उपलब्धता के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा इस वर्ग को ध्यान में रखकर पांच किलोग्राम वजनी छोटू सिलेंडर लांच किया गया है। सरकार द्वारा जारी विभिन्न पहचान पत्रों आधार कार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्रायविंग लाईसेंस जैसे दस्तावेजों में कोई भी एक प्रस्तुत कर ग्राहक यह सिलेंडर प्राप्त कर सकेंगे।

कामकाजी महिलाओं एवं छात्राओं के द्वारा ज्यादातर छोटे स्टोव्हनुमा चूल्हे इस्तेमाल किए जाते हैं, जिसमें नीचे सिलेंडर व ऊपर चूल्हा लगा होता है। वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली गैस की किल्लत के कारण कालाबाजारी को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार खाद्य विभाग द्वारा की गई सघन छापामारी के अंतर्गत गैस सिलेंडरों में चोरी-छिपे रिफिलिंग करने वालों की अवैध सामग्री न केवल जब्त की गई थी, बल्कि सबके खिलाफ कार्रवाई भी की गई थी। ऐसे में छात्राओं व कामकाजी महिलाओं के सामने उनके छोटे सिलेंडरों में रिफिलिंग की समस्या आने लगी थी। इंडेन द्वारा बगैर फार्मेलिटी के जारी किए जाने वाले छोटू सिलेंडर से इन्हें काफी राहत मिल सकेगी।

## बिना किसी झंझट- परेशानी के मिल सकेगा

- कोई भी पहचान पत्र दिखाकर लिया जा सकेगा नया कनेक्शन




## अमेरी-अकबरी में बांटे गए 30 सिलेंडर

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड एवं खाद्य विभाग की टीम के द्वारा शुक्रवार को अमेरी-अकबरी इंडस्ट्रियल एरिया में काम करने वालों को शिविर के माध्यम से 30 कनेक्शन जारी किए गए हैं। श्रमिकों के द्वारा सुलभ तरीके से मिलने वाले छोटू सिलेंडर का कनेक्शन हाथोंहाथ लिया गया। आईओसीएल द्वारा कुछ ही दिनों के भीतर शारदा गैस एजेंसी के आसपास शिविर लगाकर गैस कनेक्शन वितरित किए जाएंगे। इस क्षेत्र में काफी हॉस्टल हैं, जहां बाहर से आकर पढ़ने वाली छात्राओं को कनेक्शन जारी किए जाएंगे।

## किया जाएगा वितरण

इंडेन कंपनी के द्वारा पांच किलोग्राम वजनी गैस सिलेंडर लांच किया गया है। यह सिलेंडर विशेषकर प्रवासी श्रमिकों, कामकाजी महिलाओं व छात्राओं के लिए काफी मददगार साबित होगा। इसका कनेक्शन लेने के लिए कोई खास दस्तावेज की जरूरत भी नहीं होगी। अमेरी-अकबरी में 30 कनेक्शन जारी किए गए हैं। बहुत जल्द शारदा गैस एजेंसी के आसपास शिविर लगाकर छात्राओं को कनेक्शन वितरित किए जाएंगे।

- हेमप्रकाश साहू
सेल्स ऑफिसर आईओसीएल

## 945 में नया कनेक्शन 615 रूपए में रिफिलिंग

छोटू सिलेंडर के नए कनेक्शन के लिए ग्राहकों को पहली बार कंपनी में 945 रूपए जमा करने होंगे। ग्राहकों को एक ही शहर या एक ही डीलर से रिफिलिंग की बाध्यता नहीं रहेगी। वे शहर के बाहर भी किसी भी इंडेन एजेंसी से रिफिलिंग करा सकेंगे। ग्राहकों को रिफिलिंग के लिए पांच किलोग्राम गैस के लिए 615 रूपए खर्च करने होंगे।

## खबर संक्षेप

मस्तूरी गोलीकांड

### आरोपी की याचिका और उसके कृत्य पर हाईकोर्ट ने की कड़ी टिप्पणी

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने मस्तूरी गोलीकांड के एक सह आरोपी की याचिका और उसके कृत्य को लेकर कड़ी और तल्ख टिप्पणी की है। याचिकाकर्ता के साथ ही महाधिवक्ता कार्यालय के एक पूर्व विधि अधिकारी के कृत्य को लेकर भी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा, इन सब तथ्यों को देखते हुए कहा जा सकता है, यह बेंच हंटिंग का मामला है। इस तरह के कृत्य की कतई सराहना नहीं की जा सकती। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है, उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है, यह बेंच हंटिंग का स्पष्ट मामला है, जिसे इस न्यायालय द्वारा प्रोत्साहित या सराहा नहीं जा सकता है। इस संबंध में वकील रणबीर सिंह मरहास द्वारा पूछे गए स्पष्ट प्रश्न का वे उचित उत्तर नहीं दे सके। इसलिए, सह-आरोपी देवेश सुमन उर्फ निक्कू का आचरण, जिसने उक्त मामले को उस बेंच से अपवाद बनाने के लिए दायर की है, जिसने किशोर द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया था, अत्यंत निंदनीय है। उसे कड़ी निंदा का पात्र माना जाना चाहिए और उसे किसी भी हालत में क्षमा नहीं किया जा सकता है।

### सड़क बाधित कर व बहस करने वाले ई-रिक्शा चालक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सड़क रोककर सवारी भरने के नाम पर राहगीरों से हुज्जतबाजी करने वाले ई रिक्शा चालक पर सिविल लाइन पुलिस ने जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी सरजू बगीचा निवासी अमित साहू पिता श्याम सुंदर साहू शुक्रवार की सुबह 6.30 बजे अपने काम से मंगला जा रहे थे। इस दौरान नेहरू चौक पहुंचे थे जहां ई रिक्शा सीजी 10 बीएस 9434 चालक राजेश यादव द्वारा सवारी बैठाने को लेकर बहस किया जा रहा है। अमित साहू ने उसे सड़क से गाड़ी हटाकर सवारी बैठाने की बात कही, जिससे चालक भड़क गया और मारपीट पर उतारू हो गया। प्राथी अमित साहू ने आरोपी राजेश यादव पिता जवरीलाल यादव उम्र 46 वर्ष अभिषेक नगर मंगला निवासी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## बोर्ड के रिजल्ट में होगी देरी : अनुपस्थित लोगों पर होगी कार्रवाई

# हिंदी की कापियां जांचने पहुंचे 320 में से सिर्फ 67 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बारहवीं हिंदी का पेपर लीक होने के बाद दोबारा परीक्षा कराना तो शिक्षा विभाग के लिए चुनौती था ही, लेकिन अब कॉपियों की जांच में सामने आई लापरवाही ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तय समय बीत जाने के बाद भी जिले में ही 5 हजार कापियों की जांच बाकी है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि दो मुल्यांकन केन्द्रों में 320 हिंदी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी जिसमें से 67 लोग ही पहुंचे थे। इसमें से एमएलबी में 160 शिक्षकों में 37 और सरकंडा कन्या स्कूल में 160 में 30 जांचकर्ता ही पहुंचे थे। अब इसी कारण इस साल रिजल्ट में देरी तय मानी जा रही है।

शिक्षा विभाग के मुताबिक 12वीं हिंदी विषय की परीक्षा 10 अप्रैल 2026 को दोबारा आयोजित की गई थी। इसके बाद 13 और 14 अप्रैल को उत्तर पुस्तिकाओं की जांच पूरी करने का लक्ष्य तय किया गया था। लेकिन, यह लक्ष्य अधूरा रह गया। करीब 15 हजार उत्तर पुस्तिकाएं जांच के लिए जिले के जो मूल्यांकन केंद्रों पर पहुंचीं, लेकिन अभी तक 10 हजार के करीब जांची जा सकी हैं तो 5 हजार शेष है। केन्द्राध्यक्षों के मुताबिक बड़ी संख्या में मूल्यांकनकर्ताओं की अनुपस्थिति के कारण काम प्रभावित हुआ है।

### पहले दो चरण में समय पर हुआ था काम

जिले में 10वीं और 12वीं बोर्ड के अन्य विषयों की कॉपियों की जांच पहले ही तय समय में पूरी कर ली गई थी। डेढ़ लाख कापियों का मूल्यांकन दो चरणों में किया गया और समय पर अंकसूची तैयार कर भेज दी गई। 6 अप्रैल तक यह पूरा काम खत्म हो चुका था, जिसे विभाग की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा था। अब लेकिन हिंदी विषय का पेपर लीक होने के कारण तीसरे चरण में अलग से परीक्षा और मूल्यांकन करना पड़ा। इसी अतिरिक्त चरण में अब अव्यवस्था और देरी सामने आ रही है। जहां पहले काम समय पर हो गया था, वहीं अब उसी सिस्टम में सुस्ती दिख रही है।



- रिजल्ट में देरी से इस साल प्रवेश व काउंसलिंग प्रक्रियाएं प्रभावित होने की आशंका
- हिंदी की 15 हजार कापियां जांचने के लिए आईं थीं, 5 हजार का मूल्यांकन बाकी

### अनुपस्थित रहे तो अनुशासनात्मक कार्रवाई

इधर शिक्षा विभाग ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए मूल्यांकनकर्ताओं को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही सभी स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि हिंदी विषय के शिक्षकों को तत्काल कार्यमुक्त कर मूल्यांकन केंद्र भेजा जाए और अनुपस्थित रहने वालों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे के मुताबिक संबंधित शिक्षकों को पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं। यदि इसके बाद भी वे मूल्यांकन कार्य में शामिल नहीं होते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दूरदराज के शिक्षक ज्यादा गैरहाजिर

जानकारी के अनुसार, दूरदराज क्षेत्रों के बड़ी संख्या में शिक्षक मूल्यांकन कार्य में शामिल नहीं हो पाए हैं। लंबी दूरी, आवागमन की परेशानी और समय की कमी को इसकी वजह माना जा रहा है। कई शिक्षकों के समय पर नहीं पहुंचने से मूल्यांकन केंद्रों में अपेक्षित संख्या नहीं बन पा रही है, जिससे काम की गति धीमी हो गई है। यदि यही स्थिति बनी रहती है, तो बचे हुए हजारों कॉपियों की जांच में और देरी हो सकती है। इससे पूरे मूल्यांकन शेड्यूल पर असर पड़ने की आशंका है।

### रिजल्ट में देरी से बढ़ी सभी की चिंता

इधर अधिकारी भी मान रहे हैं कि मूल्यांकन कार्य में हो रही देरी का सीधा असर 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम पर पडना तय है। हर साल 10 या 11 मई तक रिजल्ट जारी कर दिए जाते हैं, जिससे छात्रों को आगे की पढ़ाई और प्रवेश प्रक्रिया में सुविधा मिलती है। इस बार परीक्षा भी तय समय से पहले शुरू और समाप्त हुई थी। उम्मीद थी कि परिणाम भी जल्दी आएंगे लेकिन हिंदी विषय की कॉपियों की जांच में हुई देरी ने इस संभावना को कमजोर कर दिया है। छात्रों व अभिभावकों की चिंता अब बढने लगी है, क्योंकि रिजल्ट में देरी से प्रवेश व काउंसलिंग प्रक्रियाएं प्रभावित हो सकती हैं।

# हाईकोर्ट ने लिंगियाडीह बस्ती में तोड़फोड़ पर लगाई अंतरिम रोक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने लिंगियाडीह बस्ती में रहने वाले 36 लोगों के घरों और कब्जों को तोड़ने की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। इन लोगों ने राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत आवश्यक शुल्क जमा किया है। याचिकाकर्ता मोहल्लेवासियों ने अपनी याचिका में नगर निगम पर आरोप लगाया है कि रिहायशी जमीन पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए पीढ़ियों से वहां रह रहे लोगों को बेदखल किया जा रहा है। जस्टिस एनके चंद्रवंशी की सिंगल बेंच ने शुक्रवार को याचिकाकर्ताओं को बड़ी राहत देते हुए उनके घरों और कब्जे को तोड़ने की कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी।

### 148 दिनों से जारी है आंदोलन

- याचिकाकर्ता बोले– निगम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए कर ही बेदखल

याचिका के मुताबिक यह सभी याचिकाकर्ता वर्ष 2019–20 में हुए सर्वे के तहत राजीव गांधी आश्रय योजना के अंतर्गत पात्र पाए गए थे। इस योजना के तहत राज्य सरकार ने इन्हें कब्जे वाली जमीन पर ही पट्टा देने का निर्णय लिया था। हालांकि साल 2024 में राज्य सरकार ने अपने इस निर्णय को लागू नहीं किया। अब नगर निगम बिलासपुर ने उस स्थान पर व्यावसायिक परिसर और गार्डन विकसित करने की योजना बनाई है। सुनवाई के दौरान जस्टिस एनके चंद्रवंशी ने यह सवाल उठाया कि राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत आवश्यक शुल्क लेने के बावजूद अब तक पट्टा क्यों नहीं दिया गया। कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अतिरिक्त महाधिवक्ता प्रवीण दास और नगर पालिका निगम के अधिवक्ता रणवीर सिंह मरहास से इस संबंध में जवाब मांगा।

### सरकार ने कहा- राजीव गांधी आश्रय योजना रद्द

जवाब में अधिवक्ताओं ने बताया कि साल 2023 में शासकीय जमीन पर पट्टा देने के नियम बदल दिए गए हैं। नए नियमों के अनुसार अब इन व्यक्तियों को उस स्थान पर पट्टा नहीं दिया जा सकता। सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि प्रभावित लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत खमतराई इलाके में फ्लैट सिस्टम के रूप में एक-एक छोटा मकान देने का प्रस्ताव है। राज्य सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि राजीव गांधी आश्रय योजना को अब रद्द कर दिया गया है।

### नया अधिनियम अधिकार को समाप्त नहीं करता

याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव, अनिमेष वर्मा,कृष्णराज मिश्रा और आशीष बैक ने न्यायालय के समक्ष अपने तर्क रखे। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने मामले को विस्तृत सुनवाई के योग्य मानते हुए अंतरिम राहत प्रदान की। इसके तहत आदेश दिया गया है कि अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ताओं के मकानों और कब्जे को नहीं तोड़ा जाएगा। मामले की अंतिम सुनवाई ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद जून माह में होगी।

## शहर के पुलिस पेट्रोल पंप में लगी रही भीड़

# रायपुर रोड के पेट्रोल पंपों में डीजल ड्राई



**बिलासपुर।** शुक्रवार को रायपुर रोड के कुछ पेट्रोल पंपों में डीजल नहीं मिलने के कारण डीजल की किल्लत होने जैसी अफवाह भी उड़ गई। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के अनुसार डीजल व पेट्रोल की सप्लाई में किसी तरह की दिक्कत नहीं है।

शहर में डीजल की उपलब्धता को लेकर अफवाह उड़ने लगी थी। जिससे शहर के पेट्रोल पंपों में लोगों की लाइन लगनी शुरू हो गई। शहर के पुलिस कल्याण पेट्रोल पंप में शाम छह बजे के आसपास पेट्रोल व डीजल के लिए वाहनों की लंबी लाइन लग चुकी थी।

इंडियन ऑयल के अधिकारियों का कहना था कि लगभग हर पेट्रोल पंप में डीजल का प्रतिदिन पेट्रोल व डीजल की बिक्री की एक लिमिट होती है। उस रेश्यो में ही रोज पेट्रोल-डीजल बिकता है। इसी अनुपात के आधार पर वे कंपनी से गाड़ी मंगवाते हैं। कभी-कभी अचानक बिक्री डेढ़ से दो गुनी बढ़ जाने के कारण कुछ देर के लिए पंप ड्राई होने जैसी समस्या आ जाती है, लेकिन इसका यह बिल्कुल मतलब नहीं है कि सप्लाई में कमी है, या तेल की किल्लत है।

### पर्याप्त उपलब्धता है

कभी-कभी डीलर के द्वारा प्रतिदिन की बिक्री की तुलना में अचानक अधिक बिक्री कर देने एवं अगली सप्लाई प्राप्त होने में देर होने के कारण कुछ समय के लिए इस तरह की यह स्थिति निर्मित हो जाती है। जिले में पेट्रोल व डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है, कहीं-कोई दिक्कत नहीं है।

- फनेंद्र कुमार चंद्राकर
सेल्स ऑफिसर आईओसीएल




LCIT
LCIT PUBLIC SCHOOL
Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, (C.G.)
www.lcitps.edu.in lcitpublicschool LCIT PUBLIC SCHOOL
Success is the result of consistent effort and determination .
Congratulations to our brilliant Class X achievers for setting a benchmark of excellence .
LCIT Blooming Buds
ADMISSIONS OPEN
Play Group to IV
NO ADMISSION FEE
Vaishali Nagar, Phase-II, Srikant Verma Marg, Bilaspur (C.G.)495001
lcitps.edu.in lcitbloomingbuds@gmail.com lcit_blooomingbuds_bilaspur
9516167123 , 9516161123
1st RAM YUVRAJ PANDEY 99.4 %
AKRITI AGRAWAL 98.2%
AARADHYA DUBEY 97.2%
AARADHYA AGRAWAL 97.2%
SCHOOL TOPPERS GRADE X
LCIT PUBLIC SCHOOL
ADMISSIONS OPEN
Nursery to XII
NO ADMISSION FEE
Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, (C.G.)
9589000465, 9516606123
ASHISH NAMAN 96.8%
KAVYANSHA SONGARG 96.4%
PANNA SINGH 96%
ABHASH KOTNALA 95.6%
ATHARVA ASHISH PALSULE 95.6%
SHRIYANK CHOUBEY 94.4%
SARISKA BANJARE 94.2%
SAKSHI YADAV 94%
ARINDAM PANDEY 93.8%
SNEHA PATLE 93.2%
DHWAJ SHARMA 92.8%
MANAS KUMAR MENGHANI 92%
DIVESH VERMA 91.8%
MEGHASHRI BHARDWAJ 91.8%
DIYA AGRAWAL 91.8%
DARSHITA KAUSHIK 91.8%
KHANAK PAMNANI 91.6%
MASOOMA BANJARE 91.4%
SHASHVAT SHARMA 91.2%
SOUMYA AGRAWAL 91.2%
MOHAMMAD JUNAID 91.2%
SANSKAR SHAW 90.8%
RADHIKA SONI 90.6%
REET CHAUDHARY 90.2%
NISHTHA SAHU 89.8%
JATIN KALWANI 89.8%
AADYA AGRAWAL 89.6%
AASTHA JATWAR 89.4%
SAKSHI KAUSHIK 88.8%
SAKSHI MEHARCHANDANI 88.4%
DRISHTI HARANGAONKER 88.4%
AASTHA PHOTANI 88.4%
STUTI JAISWAL 88.2%
SAKSHI ISRANI 88.2%
MANYA GWALANI 87.8%
SANSKAR PANDEY 87.4%
BHAWESH PRADHAN 87.4%
CHERY THACKER 87.2%
PRINCE SACHDEV 87.2%
NIHARIKA SONTEKE 86.8%
AASHUTOSH KAUSHIK 86.6%
SIDDHI SONI 86.6%
MANYA SINGH 86.4%
FAREEZA KHAN 86.2%
SHREYA SAHU 86%
SOMNATH PANIGRAHI 85.8%
NAVYA SHARMA 85.8%
SARTHAK SHARMA 85.6%
MITALI NAGESHWAR 85.6%
DIMPY ROHRA 85.6%
RASHI SAHU 85.4%
TRIPTI MANWANI 85.2%
LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING I MBA I COMMERCE I SCIENCE I ARTS I LAW I PHARMACY

17- APR---REGNOL-pg-4- COMMAN_Layout 1 4/17/2026 10:41 PM Page 1





# यश ने रावण के कॉस्ट्यूम को बताया बहुत भारी

**मुंबई।** सिनेमाकॉन फेस्टिवल में शामिल हुए यश ने मीडिया से बातचीत में अपने रावण के कॉस्ट्यूम के बारे में खुलकर बात की। टीम ने काले और सुनहरे रंग के रावण के कॉस्ट्यूम को प्रदर्शनी के लिए रखा था। इसमें एक बड़ा सुनहरा मुकुट, बॉडी आर्मर, शोल्डर पैड और आर्म कफ शामिल था। यश ने बताया कि 'मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं किया। इस तरह के कॉस्ट्यूम और मुकुट पहनना, सच कहूं तो, काफी भारी था। हम इस बात को लेकर बहुत उत्सुक थे कि यह कैसा दिखेगा। असली जैसा लुक पाने की कोशिश में, यह आखिर में बहुत भारी हो गया। मुझे (शूट के) बीच-बीच में इसे उतारना पड़ता था। हालांकि यह बहुत शानदार था।' उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब आप कॉस्ट्यूम पहन लेते हैं, तो आप किरदार को महसूस करने लगते हैं। मेरे साथ हमेशा ऐसा ही होता है।

लाइफ Style



# पत्रलेखा

## बढ़े वजन पर कमेंट करने वालों को लताड़ा

एक्ट्रेस पत्रलेखा इस वक्त बुरी तरह भड़की हुई हैं। उन्होंने पपाराजी और पैप पेजेस को तगड़ी फटकार लगाई है, जिन्होंने हाल ही उन्हें बॉडी शेम किया और अजीबो-गरीब कमेंट्स किए। पत्रलेखा ने नवबंर 2025 में एक बेटी को जन्म दिया और उसके पांच महीने बाद वह हाल ही पति राजकुमार राव की फिल्म 'टोस्टर' की स्क्रीनिंग में नजर आईं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

पत्रलेखा के बढ़े वजन और बॉडी पर कुछ पेप पेजेस ने अजीब कमेंट्स किए, जिन पर एक्ट्रेस बिफर गईं और कहा कि उन्होंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। कई नेटिजंस ने भी एक्ट्रेस को बॉडी शेम किया। पत्रलेखा ने पपाराजी को लताड़ते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट लिखा। साथ ही लोगों से अपील की कि वो थोड़ी सहानुभूति दिखाएं। उन्होंने लिखा, 'पैप पेजेस! मुझे क्या हो गया है? बात ये है कि मैंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। हां, मेरा वजन बढ़ गया है, जो आप सबको अजीब लग रहा होगा। मैंने कोई पहाड़ नहीं खाया है। मैंने एक बच्चे को जन्म दिया है और साथ ही दो फिल्में प्रोड्यूस की हैं, जो आसान काम नहीं है।' मैंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। मेरा वजन बढ़ गया है, जो आप सबको अजीब लग रहा होगा। मैंने कोई पहाड़ नहीं खाया है। मैंने एक बच्चे को जन्म दिया है और साथ ही दो फिल्में प्रोड्यूस की हैं, जो आसान काम नहीं है। पत्रलेखा ने आगे लिखा, 'अगर मेरे बस में होता, तो मैं ऐसी नहीं होती। लेकिन प्रेग्नेंसी के कारण मेरी बॉडी ने ऐसे ही रिएक्ट किया है। भगवान के लिए प्लीज थोड़ा दयालु होना सीखें।' पत्रलेखा के कॅरियर की बात करें, तो वह साल 2025 में फिल्म 'फुले' में नजर आई थीं, जिसमें उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया था। पत्रलेखा ने 9 जुलाई 2025 को प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था और शादी की चौथी सालगिरह पर वह बेटी की मां बनीं।

# हॉलीवुड मसाला



## स्ट्रीट फाइटर से धमाकेदार हॉलीवुड डेब्यू

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड के एक्शन स्टार विद्युत जामवाल धमाकेदार हॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। उनकी फिल्म स्ट्रीट फाइटर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें वह नोआ सेंटिनियो, जेसन मोमोआ और एंड्रयू कोजी जैसे सुपरस्टार्स के साथ एक्शन करते नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने करीब 3 मिनट का जो ट्रेलर जारी किया है, उसमें भरदम लड़ाई और बॉक्सिंग रिंग से लेकर जिंदगी की जंग नजर आ रही है। यह फिल्म इसी साल 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कहना होगा कि विद्युत जामवाल का लुक खतरनाक दिख रहा है। उनकी टोन्ड बॉडी और बाल्ड लुक पर फैंस अभी से दिल हार रहे हैं। डायरेक्टर किताओ सकुराई की यह फिल्म बेहद पॉपुलर वीडियो गेम 'स्ट्रीट फाइटर' पर आधारित है।



## स्टीवन ने की क्रिस्टोफर की जमकर तारीफ

लॉस एंजिल्स। 'इंटरस्टेलर' काफी पॉपुलर फिल्म है और दर्शकों द्वारा इस इसे काफी सराहा गया था। अब हॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर स्टीवन स्पीलबर्ग ने हाल ही में फिल्म 'इंटरस्टेलर' को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने क्रिस्टोफर नोलन की तारीफ की और कहा कि फिल्म उनके हाथों में आने के बाद 'काफी बेहतर'बन गई। एक इंटरव्यू में स्टीवन स्पीलबर्ग ने बताया कि फिल्म के शुरुआती दौर में वह करीब एक साल तक इस प्रोजेक्ट से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा, 'मैं 'इंटरस्टेलर' के साथ एक साल तक जुड़ा रहा। मुझे यह बहुत दिलचस्प लगा। मैं जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी भी गया, जहां मैंने वैज्ञानिकों और एयरोस्पेस इंजीनियर्स से लंबी बातचीत की।'उन्होंने आगे बताया कि जोनाथन नोलन ने फिल्म की शुरुआती स्क्रिप्ट पर काम किया था, लेकिन उनके निर्देशन में यह प्रोजेक्ट पूरी तरह बन नहीं पाया। स्टीवन स्पीलबर्ग ने एक दिलचस्प किस्सा भी शेयर किया। उन्होंने बताया कि जोनाथन नोलन ने उनसे कहा था, 'अगर आप यह फिल्म नहीं बनाएंगे, तो मैं जानता हूं कौन इसे बनाएगा- मेरा भाई क्रिस्टोफर नोलन।'



# किंग ऑफ पॉप को दिया अपने स्टाइल का श्रेय

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने शुक्रवार को माइकल जैक्सन को श्रद्धांजलि देते हुए एक खास डांस वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इस वीडियो में टाइगर किंग ऑफ पॉप माइकल जैक्सन के डांस स्टेप्स को करते नजर आ रहे हैं। यहां तक कि टाइगर ने उनके स्टाइल के कपड़े और हैट पहनी हुई है। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने पॉप गायक माइकल जैक्सन को याद करते हुए उनके मशहूर गाने 'बिली जीन' पर डांस किया। उन्होंने इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि माइकल जैक्सन ने उन्हें डांस की हर वह चीज सिखाई है, जो वे आज जानते हैं। इस वीडियो में टाइगर मूनवॉक और लेग शफल जैसे माइकल के प्रसिद्ध डांस स्टेप्स करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ टाइगर ने कैप्शन में लिखा, 'उन्होंने मुझे मूवमेंट के बारे में, स्टेज पर प्रेजेंस के बारे में और स्टेज को पूरा देने का मतलब क्या है।




# रामायण के बाद सिनेमाघरों में दस्तक देगी लव एंड वॉर

मुंबई। आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल की अदाकारी वाली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज डेट सामने आ गई है। यह फिल्म 'रामायण' के बाद रिलीज होगी। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की है। इसमें रणबीर कपूर के साथ आलिया भट्ट, विक्की कौशल और संजय लीला भंसाली नजर आ रहे हैं। पोस्टर पर लिखा है 'संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' 21 जनवरी 2027 को रिलीज होगी।' फैंस कयास लग रहे थे कि फिल्म 'लव एंड वॉर', 'रामायण' से पहले रिलीज हो सकती है। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' इस साल दिवाली से पहले अक्टूबर के आखिर में रिलीज हो सकती है। यह जानकारी फिल्म में रावण का किरदार निभा रहे यश ने दी है। इस साल दिवाली 6 नवंबर को है।

# ओटीटी पर इस वीकएंड रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

## थिएटर जाने का मन नहीं है तो घर बैठे भी होगा भरपूर मनोरंजन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। सिनेमाघरों में 'भूत बंगला' सज गई है। लंबे अंतराल के बाद कोई ऐसी एंटरटेनिंग फिल्म लगी है, जिसे परिवार के साथ देखने की योजना बनाई जा सकती है। क्रिटिक्स से इसे मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। मगर, इस वीकएंड अगर थिएटर जाने का मन नहीं है, तो घर बैठे भी भरपूर मनोरंजन होगा।

### टोस्टर

राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा अभिनीत फिल्म टोस्टर इस वीक ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। इसे आप वीकएंड पर देख सकते हैं। यह एक डॉर्क कॉमेडी फिल्म है। राजकुमार और पत्रलेखा द्वारा निर्मित टोस्टर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर बीते 15 अप्रैल को रिलीज हुई।

### रूममेट्स

यह हॉलीवुड फिल्म है। इसमें दोस्ती के रिश्ते को दिखाया गया है। इसमें सैडी सैंडलर और क्लो ईस्ट मुख्य भूमिका में हैं। यह कॉमेडी फिल्म है, जो शुक्रवार से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### मार्गो गॉट मनी ट्रबल

यह सीरीज 20 साल की कॉलेज ड्रॉपआउट लड़की की कहानी पर बेस्ड है। इसमें लीड रोल एले फैनिंग ने अदा किया है, जो अपने नवजात बच्चे का पालन-पोषण करने के लिए कुश्ती का सहारा लेती है। रूफी थॉर्प के उपन्यास पर आधारित इस सीरीज में निकोल किडमैन और निक ऑफरमैन भी हैं। यह 15 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

### दो दीवाने शहर में

सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की यह फिल्म थिएटर्स के बाद अब ओटीटी पर भी आ गई है। फिल्म में इला अरुण, जॉय सेनगुप्ता और आयशा रजा मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया है। यह फिल्म शुक्रवार 17 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।



### अल्फा मेल्स सीजन 5 और यूफोरिया सीजन 3

इस वीक की ओटीटी लिस्ट में हॉलीवुड सीरीज 'अल्फा मेल्स' का पांचवां सीजन भी शामिल है। यह सीरीज 17 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध हो गई है। इसके अलावा वेब सीरीज'यूफोरिया सीजन 3 भी इस वीक रिलीज को तैयार है। तस्करी पर बेस्ड यह सीरीज को आप 19 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे।

### उस्ताद भगत सिंह

पवन कल्याण अभिनीत फिल्म उस्ताद भगत सिंह भी ओटीटी पर आ चुकी है। सिनेमाघरों में यह फिल्म धुरंधर 2 के साथ 19 मार्च को रिलीज हुई थी। मगर, बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। इसमें श्रीलीला और राशि खन्ना भी अहम किरदार में हैं। फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' 16 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### 'मटका किंग'

मटका किंग निर्देशक नागराज मंजुले की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' काफी चर्चा में है। इसमें एक्टर विजय वर्मा लीड रोल में हैं। सीरीज में एक कपास व्यापारी के मटका किंग बनने के सफर को दिखाया गया है। मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। सीरीज में कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज शुक्रवार 17 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है।

### अस्सी

तापसी पन्नू और कनी कुश्रुति अभिनीत फिल्म अस्सी इस साल फरवरी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अगर आपने इसे थिएटर में नहीं देखा, तो अब ओटीटी पर देखने का सुनहरा मौका आ गया है। फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया। इसकी कहानी को दर्शकों की खूब तारीफ मिली।

# हॉरर-कॉमेडी ने हंसाया-डराया, सोचने पर भी किया मजबूर

**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला'रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म का क्लाइमैक्स दर्शकों को चौंकाता है, बहुत कुछ सोचने पर मजबूर करता है। बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जो हॉरर-कॉमेडी के जरिए दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं। इन फिल्मों में कोई ना कोई खास संदेश छिपा होता है।



### स्त्री ने उठाए कई सवाल

साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'स्त्री'ने दर्शकों को खूब हंसाया और डराया भी। साथ ही इस फिल्म ने समाज की दकियानूसी सोच से पर्दा भी उठाया। रूढ़ीवादी समाज प्रेम करने वाली एक स्त्री के साथ बुरा व्यवहार करता है, उससे उसका प्रेमी छीन लेता है। बाद में वह चूड़ैल बनकर सबसे बदला लेती। आखिर में फिल्म महिलाओं को सम्मान देने की बात करती है। इसी तरह 'स्त्री 2' में विलेन यानी सिरकटा की सोच आधुनिक लड़कियों के लिए रूढ़ीवादी किस्म की है। वह आधुनिक सोच वाली लड़कियों को अपना शिकार बनता है।

**REBUTTAL TO THE PUBLIC NOTICE**

PUBLIC AT LARGE, BANKS, FINANCIAL INSTITUTIONS, AUTHORITIES, DEVELOPERS, PURCHASERS, INVESTORS AND ALL CONCERNED ARE HEREBY INFORMED that the Partners/Directors and otherwise concerned with the affairs of M/s Fortune Buildcon, Ganpati Infrastructure, Fortune Realties and Fortune Infra Services Private Limited, states that the publication **(dated 12.04.2026)** issued by Mr. Mayank Agrawal concerning the aforesaid entities is false, baseless, one-sided, misleading and defamatory. The allegations made therein are wholly denied, have not been adjudicated by any competent court or authority, and have been issued with the sole intent to malign the reputation, goodwill and business interests of the aforesaid entities and the persons associated with them. It is clarified that the said publication does not create any legal embargo or restraint upon the lawful business affairs and transactions of the said entities, and no adverse inference ought to be drawn by any person on the basis of such unilateral allegations. Any inter se disputes, if any, are subject to appropriate legal proceedings and are to be decided only by competent legal forums in accordance with law. The undersigned declares and confirms that, as on the date hereof, no litigation, arbitration, or other judicial or quasi-judicial proceeding is pending adjudication against the undersigned entities before any court, tribunal, or competent authority. All concerned are therefore informed not to be misled by the false and defamatory statements contained in the said publication. The undersigned entities reserve their right to initiate appropriate legal proceedings (both civil & criminal) against Mr. Mayank Agrawal (the author/publisher of such false, misleading and defamatory allegations) for issuing unsubstantiated public notice if so advised.

**For,**
**M/s Fortune Buildcon, Ganpati Infrastructure, Fortune Realties and Fortune Infra Services Private Limited**
**Bilaspur, Chhattisgarh**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार द्वारा अधिकृत होकर एवं उनके निर्देशानुसार निम्न आशय की आम सूचना सर्व साधारण को प्रेषित करता हूँ:- यह कि मेरे पक्षकार द्वारा (1) श्रेष्ठ लाल उम्र 24 वर्ष पिता स्व. अनुपम लाल निवासी वार्ड क्र. 05, मिशन कम्पाउंड तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.). (2) श्रेणिका लाल उम्र 31 वर्ष पति अनिमेश मसीह निवासी 12 पंचशील नगर, सिविल लाईन रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.), (3) श्रेया लाल उम्र 30 वर्ष पिता स्व. अनुपम लाल निवासी मकान नं. 02, हंसा लाईफ, नियर रामा लाईफ सिटी, उसलापुर, सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.), (4) नाबा. सृष्टि लाल उम्र 07 वर्ष पिता स्व. अनुपम लाल जरिये वली मां व खुद श्रीमती रेखा लाल उम्र 49 वर्ष पति स्व. अनुपम लाल निवासी वार्ड क्र. 05. मिशन कम्पाउंड, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) से उनके हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा तखतपुर, प.ह.नं. 28. रा.नि.मं. तखतपुर, विकास खण्ड एवं तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 463/2. 464, 465 रकबा क्रमशः 0.0810 हे0, 0.1210 हे0, 0.1380 हे0 कुल रकबा 0.3400 हेक्टेयर जमीन स्थित है, को क्रय करने का पक्का अनुबंध कर लिया गया है जिसकी निकट भविष्य में मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना शेष है। उपरोक्त विक्रय पत्र पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक या निकाय को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अवधि बाधित आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
अस्तु सूचना सादर संप्रेषित।
दिनांक: 16/04/2026

भवदीय
**कमल किशोर सिंह (अधिवक्ता)**
**निवास एवं कार्यालय-अशोक नगर, सीपत रोड, बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-9827180209**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल अमसेना उप तहसील सकर्रा तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**-: सूचना :-**

क्र./9/रा.नि/अमसेना

दिनांक 10/04/2026

प्रति,
1. सालिकराम, मालिकराम पिता छेदीलाल 2.जनक पिता रामाधर 3. NHAI भारतीय राज्य 4. लोक निर्माण विभाग बिलासपुर 5. सिचाई विभाग 6. कुंगुमल 7. दिलीप अन्य हितबद्ध पक्षकार खं.नं. 206, 209, 203 के समस्त बटांकन धारी

विषय:- सीमांकन/मौका/जांच नक्सा बटांकन के समय उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भ :- न्यायालय तहसील सकर्रा जिला बिलासपुर क्रमांक / / अति.तह.वा/रीडर/2023-24

ग्राम बेलमुण्डी प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकर्रा जिला बिलासपुर (छ.ग.) आवेदक सालिकराम/मालिकराम पिता छेदीलाल कौशिक के द्वारा खसरा नंबर 208/2 रकबा 0.624 हे. के सीमांकन/मौका/जांच/नक्सा बटांकन हेतु तहसीलदार/नायब तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है उपरोक्त संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में भूमि का सीमांकन/मौका जांच/ नक्सा बटांकन की कार्यवाही दिनांक 20/04/2026 और समय 3:00PM को किया जायेगा जिसमें आपकी उपस्थित होना सुनिश्चित करे उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अत: आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जायेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीप- विशेष परिस्थिति में समय और दिनांक परिवर्तनशील होगे ।

आवेदक सीमा - चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करे

**राजस्व निरीक्षक अमसेना**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार / नोटिस / समंस**

हरीश खुशालानी........... वादी
**विरूद्ध**
सागर खुशालानी वगैरह ..... प्रतिवादीगण

उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक - 61/2025
पेशी दिनांक 11.05.2026
प्रो क्र = 50/2026

प्रति,
आम जनता (जिससे इसका संबंध हो)

इस न्यायालय में आवेदक हरीश कुमार खुशालानी वल्द डॉ खेमचंद्र खुशालानी, उम्र 61 वर्ष, निवासी डॉ माया दुबे नर्सिंग होम के पास, गोडपारा, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग) के द्वारा अपने पिता की मृत्यु उपरांत अनावेदक क्रमांक 7 नजूल अधिकारी बिलासपुर में जमा राशि संपूर्ण रकम को लाभांश सहित प्राप्त करने के लिए भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 के तहत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है उपरोक्त संबंध में किसी भी आमजन कोई अधिकार या हित हो या उत्तराधिकार के संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकरण की पेशी दिनांक 11.05.2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष, आपत्ति मय सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक 11.05.2026 तक कोई आपत्ति प्राप्त ना होने की दशा में प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।

अगर किसी कारणवश पेशी दिनांक 11.05.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है तो उसके आगे कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 15/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर लगाकर जारी किया गया ।

**(असलम खान)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**

**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. ..../ब-121/2025-26
ग्राम पदमपुर प.ह.नं. 14

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम पदमपुर वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती/कु. जीवन लाल मिरी पिता/ पति दोवन जाति सतनामी निवासी ग्राम पदमपुर तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने पुत्री रागिनी मिरी के जन्म दिनांक 01.01.2007 को ग्राम पंचायत पदमपुर में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अत: इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 27.04.2026 को प्रात: 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**जरहागांव**

**आमसूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार बसंत पिता रामजी निवासी हनुमान राईस मिल के पीछे, हेमूनगर बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशन कराता हूँ कि मेरे उपरोक्त पक्षकार ने मौजा तोरवा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के तोरवा में स्थित भूमि परिवर्तित भूमि स्तार क्रमांक 15, भू-खण्ड क्रमांक 535/2 खसरा नंबर 1260/3 में से रकबा 1250 वर्गफीट को भूमि स्वामी विश्वनाथ मंडल पिता तारकनाथ मंडल निवासी तोरवा बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि है, जिसे भूमि स्वामी विश्वनाथ मंडल से क्रय करने हेतु पक्का सौदा कर बतौर एडवांस राशि प्रदान कर दिया गया है, जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना हैं।

अत: उक्त भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या अन्य को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावें, बाद की आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी।

सो आम सूचना जाने।
बिलासपुर, दिनांक: 17/04/2026

भवदीय,
संतोष वस्त्रकार, अधिवक्ता/नोटरी
पुराना पावर हाउस डॉ. बेनर्जी क्लीनिक के पास तोरवा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9302518147,बसंत मो. 9752575201

**कार्यालय पटवारी हल्का नंबर 25 रा.नि.मं. कोनी तहसील बिलासपुर (छ.ग.)**

दिनांक 17.04.2026

प्रति,
1. संगीता कश्यप 2. तिलमति साहू 3. तन्मय देवांगन 4. कौशल यादव

विषय: सीमांकन/ स्थल जांच के समय मौके पर उपस्थित होने बाबत्।

संदर्भ: न्याया. अ.वि.अ./ तहसीलदार/ अति. तहसीलदार/ ना. तहसीलदार के ज्ञापन क्रमांक Q/ अति.तह./वा./2026, बिलासपुर दिनांक 06.04.26

विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम खमतराई प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. कोनी तहसील व जिला बिलासपुर अंतर्गत आवेदक संगीता कश्यप पिता/ पति प्रदीप कश्यप निवासी चोरमा द्वारा ग्राम खमतराई स्थित आवेदित भूमि ख.नं. 559/1/घ रकबा 0.0080 हे. का सीमांकन/ स्थल जांच संदर्भित आदेशानुसार राजस्व निरीक्षक/ गठित टीम के द्वारा किया जाना है। इस हेतु से आप अपना उक्त भूमि से सम्बंधित समस्त दस्तावेज को लेकर दिनांक 23.04.2026 को प्रात:/ दोपहर 11.00 से 5.30 बजे स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने कि दशा में आपकी मौन स्वीकृति मानकर सीमांकन/ स्थल जांच किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

**रमेश कुमार वैष्णव**
**पटवारी**
**प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. कोनी**
**तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**




बिलासपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



एग्जाम अलर्ट

## सीआरपीएफ कॉन्स्टेबल के 9175 पदों पर भर्ती शुरू

**बिलासपुर।** सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स की ओर से कॉन्स्टेबल (टेक्निकल/ ट्रेड्समैन/ पायनियर- मेल/ फीमेल) के बंपर पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 20 अप्रैल को स्टार्ट हो जाएगी जो निर्धारित अंतिम तिथि 19 मई 2026 तक जारी रहेगी। जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं वे इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से पर जाकर फॉर्म भर सकेंगे।इस भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवार का मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्था से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके साथ ही पद के अनुसार उम्मीदवार के पास संबंधित ट्रेड में अनुभव /सर्टिफिकेट/ हैवी ट्रांसपोर्ट वेहिकल ड्राइविंग लाइसेंस आदि होना चाहिए। इस भर्ती में चयन कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट / स्किल टेस्ट/ डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन/ मेडिकल एग्जामिनेशन आदि से गुजरना होगा।




### 18 से 23 वर्ष तक को पात्रता

1 जनवरी 2026 को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार की आयु कॉन्स्टेबल ड्राइवर पद के लिए 21 से 27 वर्ष और अन्य सभी पदों के लिए 18 से 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग को उम्र में नियमानुसार छूट मिलेगी। पद के अनुसार विस्तृत डिटेल चेक करने के लिए नोटिफिकेशन का अवलोकन कर सकते हैं। इस भर्ती में शामिल होने के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन किया जा सकता है। अन्य किसी भी प्रकार से फॉर्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक भर्ती पोर्टल पर फॉर्म भर सकेंगे।

देश में लंबे इंतजार के बाद जनगणना की प्रक्रिया आखिरकार 16 अप्रैल से प्रारंभ हो गई है, यह जनगणना पहली बार पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराया जा रहा है। जिसका पहला फेज डिजटली 16 से 30 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें देश का हर नागरिक घर बैठे जनगणना की अधिकारिक बेबासाइट या एप पर जाकर जानकारी दे सकता है। इसके बाद 1 से 30 मई तक घर-घर जाकर प्रगणकों द्वारा लोगों की जानकारी लेकर जनगणना की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

एक क्लिक में डेटा होगा सुरक्षित | 30 अप्रैल तक स्वगणना और 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण चलेगा

# डिजिटल युग में घर बैठे दे सकते हैं जनगणना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस चरण में देशभर के प्रत्येक घर की स्थिति, निर्माण प्रकार, पानी, शौचालय, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं की जानकारी एकत्र की जाएगी। सरकारी कर्मचारियों और प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर टैबलेट और मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा दर्ज किया जाएगा। जिससे पूरी प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बन सके।

इस बार की जनगणना की सबसे बड़ी विशेषता इसका डिजिटल स्वरूप है, जिला जनगणना अधिकारी झील जयसवाल ने बताया कि अधिकारी बेबसाईट व मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा सीधे सर्वर पर अपलोड होगा,कागज आधारित प्रक्रिया लगभग समाप्त कर दी गई है। रियल-टाइम मॉनिटरिंग से गलतियों की संभावना कम होगी,सरकार का दावा है कि इससे जनगणना अधिक सटीक और समयबद्ध तरीके से पूरी हो सकेगी। बतादें कि पहले चरण में आपसे 33 सवाल पूछे जाएंगे। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम शुरू किया गया है, जहां लोग खुद अपनी जानकारी भर सकते हैं।

### सही जानकारी देना जरूरी

जिला जनगणना अधिकारी झील जयसवाल ने बताया कि नीतियों और योजनाओं के लिए अहम आधार जनगणना के आंकड़े सरकार के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। इन्हीं के आधार पर नई सरकारी योजनाएं बनाई जाती हैं। संसाधनों का वितरण तय होता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की नीतियां तैयार होती हैं,विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल जनगणना से प्राप्त आंकड़े अधिक विश्वसनीय होंगे, जिससे विकास योजनाओं में तेजी आएगी।




### जाति जनगणना का भी बनेगा आधार

देश में जाति जनगणना भी प्रक्रिया होगी, हालाकि इस पर अभी अधिकारिक रूप से निर्णय नहीं हुआ है। मगर यह माना जा रहा है, कि इसके बाद जाति जनगणना भी करवाई जाएगी। जनगणना में परिवार के सदस्यों की संख्या, आयु, शिक्षा, रोजगार, भाषा, धर्म आदि से जुड़े प्रश्न शामिल होंगे।

### इस तरह होगी घर बैठे जनगणना

जनगणना के तहत एक नई डिजिटल सुविधा है, जो नागरिकों को जनगणना अधिकारी के आने से पहले ही **se.census.gov.in** पोर्टल या ऐप के माध्यम से स्वयं के मोबाइल या कम्पयुटर से अपने घर की जानकारी मकान सूचीकरण और आवास ऑनलाइन भरने की अनुमति देती है। पोर्टल पर पंजीकरण करने के बाद, आपको 33 प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं, जो परिवार की आर्थिक, सामाजिक, और आवास स्थिति से संबंधित हैं। यूनिक आईडी: फॉर्म सबमिट करने के बाद, आपको एक 11-16 अंकों की रेफरेंस आईडी मिलती है, जिसे आपके घर आने वाले प्रगणक को दिखा कर प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते है। यह प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल, सुरक्षित और पारदर्शी है, जो देश की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना का हिस्सा है, इस प्रक्रिया में गोपनीयता का भी खासा ध्यान रखा गया है, आपकी जानकारी सीधे सरकारी पोर्टल पर सुरक्षित रहती है। यदि कोई व्यक्ति स्व-गणना नहीं कर पाता है, तो प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे।

### जिले में तीन हजार से अधिक प्रगणक करेंगे जनगणना

जनगणना के लिए जिले में 3 हजार 351 प्रगणकों द्वारा जनगणना की प्रक्रिया घर-घर जाकर पूर्ण करवाई जाएगी जिसमें सभी को इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, प्रथम चरण का प्रशिक्षण हुआ है, इसी तरह 24 अप्रैल तक सभी प्रगणकों को ट्रैनिंग दी जाएगी। जिले में कुल 3351 प्रगणक रिजर्व सहित नियुक्त किए गए हैं साथ ही 594 सुपरवाइजर रिजर्व सहित नियुक्त किए गए हैं। जिले में कुल 4 चरणों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है,जिसमें हर चरण तीन दिवसीय है, तीसरा चरण 20 से 22 अप्रैल तक और चतुर्थ चरण 22 से 24 अप्रैल तक होगा। यह प्रशिक्षण सभी तहसील मुख्यालय और जिला मुख्यालय में अलग-अलग जनगणना चार्ज के लिए दिया जाएगा। ज्ञात रहे कि जिले में कुल 26 जनगणना चार्ज हैं जिसमें 12 ग्रामीण और 14 शहरी चार्ज है इसमें नगर निगम के 8 जोन भी शामिल हैं।

कार्यक्रम

## युद्ध के बीच भारत की स्थिति एवं भविष्य निर्माण पर परिचर्चा



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा साइंस कॉलेज, में एक महत्वपूर्ण समूह परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समसामयिक वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य विषय "वर्तमान वैश्विक शक्ति-संघर्ष यूएस-ईरान-इजराइल तनाव के बीच भारत की स्थिति एवं भविष्य निर्माण में युवाओं की भूमिका" रहा। परिचर्चा के मुख्य वक्ता के रूप में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के पीएचडी स्कॉलर हर्ष राज उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने वक्तव्य में वैश्विक परिदृश्य, कूटनीतिक संतुलन और भारत की रणनीतिक भूमिका को सरल एवं तथ्यात्मक रूप में स्पष्ट किया। इस अवसर पर अतींद्र धर दीवान, राहुल चौहान, प्रणव गौतम सहित वैष्णवी परसाई, नंदिनी कुमारी, सौरभ कुमार मिश्रा एवं अक्षत तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान वैश्विक तनाव के बीच भारत एक "संतुलनकारी शक्ति" के रूप में उभर रहा है, जो न केवल कूटनीतिक स्तर पर बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और वैश्विक शांति के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साथ ही यह भी रेखांकित किया गया कि युवाओं को केवल सूचना प्राप्त करने तक सीमित न रहकर, तथ्य आधारित विश्लेषण और विचारशील दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए।

## परशुराम महोत्सव की शुरूवात आज से, 20 को निकलेगी शोभायात्रा

**बिलासपुर।** भगवान श्री परशुराम महाराज जन्मोत्सव की शुरूवात शनिवार से हो रही है, समग्र ब्राह्मण समाज एवं परशु सेना द्वारा आयोजित भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर प्रतिवर्षानुसार चार दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस शनिवार को तुर्काडीह लोखंडी स्थित आशीर्वाद भवन में होगी।



इसी क्रम में अक्षय तृतीया के दिन शुभ मुहूर्त पर सरकंडा के अशोकनगर चौक "श्री राम भिक्षुक दास महाराज की मूर्ति" की पूजा अर्चना कर आरंभ होगी। राजकिशोर नगर के श्री परशुराम चौक से 20 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे ध्वजा पूजन कर बाईक रैली के साथ ध्वजा यात्रा आरंभ होगी।

बाजेपेयी ग्राउंड में होगा संत समागम

शोभायात्रा अशोकनगर चौक में संत शिरोमणि राम भिक्षुक दास जी महाराज की पूजा अर्चना के पश्चात ध्वज पूजन कर बाईक रैली पद यात्रा मे परिवर्तित होकर भव्य शोभायात्रा का रूप धारण करते हुए विभिन्न धार्मिक झाँकियों के साथ परम्परागत रूप में शोभायात्रा समस्त सनातनी समाज व भक्तों के साथ आगे नूतन चौक की ओर अग्रसर होगी। जहाँ सरकंडा के ग्राम देवता "ठाकुर देवता " व स्फटिकेश्वर महादेव जी की पूजा अर्चना के साथ ध्वज पूजन के पश्चात विभिन्न समाज व नागरिकों के द्वारा जगह जगह स्वागत, अभिनंदन व भगवान परशुराम महाराज पूजा अर्चना करते श्री राम सेतू चौक व अरपा मैया के पूल को पार कर शोभायात्रा बाजपेयी मैदान में प्रवेश करेगी एवं वरिष्ठजनो द्वारा ध्वज को श्रीराम मंदिर में भेंट किया जायेगा। बाजपेयी ग्राउंड में मंच पर संत समागम के साथ धर्म सभा, प्रवचन, सम्मान समारोह व भोजन प्रसाद के पश्चात सभा का समापन होगा।

### परशुराम भगवान की पूजा व महाआरती आज

समग्र ब्राह्मण समाज एवं परशु सेना द्वारा आयोजित भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर प्रतिवर्षानुसार चार दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस शनिवार को तुर्काडीह लोखंडी स्थित आशीर्वाद भवन में अंचल के प्रथम भगवान श्री परशुराम के विशाल विग्रह की पूजा अर्चना एवं महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि शनिवार को प्रातः 10 बजे से भगवान श्री परशुराम जी जन्मोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ होगा, कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से पधारे विप्र जनों का समाज सेवा में अग्रणी कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा स्वागत किया जाएगा।

## सक्षम सेवा संस्थान द्वारा 41 ई ट्राईसाईकिल का वितरण



बिलासपुर। सक्षम सेवा संस्थान एवं एल्टाईस कंपनी चेन्नई के संयुक्त प्रयास से सक्षम एक नई उड़ान योजना प्रांत के 41 अस्थि बाधित दिव्यांगों को मोटराइज्ड न्यू मोशन बोल्ट कंपनी का ई ट्राईसाईकिल वितरण गुरुद्वारा दयालबंद में किया गया। ई ट्राई साइकिल मिलने से अब उनका जीवन एवं व्यवसाय सुगम हो गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रचारक प्रमुख सुनील कुलकर्णी थे। अतिथियों में परमजीत सिंह सलूजा अध्यक्ष गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी,डॉ चरणजीत सिंह गंभीर, डॉ प्रशांत द्विवेदी, संदीप अग्रवाल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जैनेंद्र जैन,अनिल टाह, राजू अग्रवाल,मदन मोहन अग्रवाल मौजूद थे। मुख्य वक्ता सुनील कुलकर्णी ने मानव के लिए सेवा परमो धर्मः का मूल मंत्र प्रदान किया,स्वर्गीय रविंद्र जोशी के निधन के पश्चात को उनके स्वजनों ने सक्षम के माध्यम से नेत्रदान कराया गया।

## बच्चों के 15 दिवसीय कैंप का शुभारंभ



**बिलासपुर।** डाईटीशियन एवं नुयटीरिसयन एसोसिएशन द्वारा गुरुद्वारा सिंह सभा दयालबंद और स्पेशल ओलंपिक भारत छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में शहर में पहली बार विशेष दिव्यांगता वाले बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश करने 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष परमजीत सिंह सलूजा, गुरूदीप आजमानी, नितीन सलूजा, अध्यक्ष ललित पुजारा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और बच्चों के द्वारा स्तुति के साथ की गई, सभी बच्चों ने अतिथियों का स्वागत तिलक और पुष्प देकर किया गया। मौजूद अतिथि गण ने काफी सराहना की कार्यक्रम में बच्चों के मार्गदर्शन व हौसला बढ़ाने के लिए परमजीत सिंह,रौनक सिंह,डॉ मीना गुप्ता, मोनिका,वर्षा अरोरा,विधि अरोरा, सिद्धि, डॉ भूमि साहू आदि उपस्थित हुए। इस 15 दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

वेकैंसी

## असिस्टेंट कीपर, सीनियर स्टोर ऑफिसर के पदों पर भर्ती 1 तक

**बिलासपुर।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से असिस्टेंट कीपर, सीनियर स्टोर ऑफिसर ग्रेड-2 और लाइव स्टॉक ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। जो उम्मीदवार इन पदों पर आवेदन करना चाहते हैं, वे जल्द ही इन पदों पर आवेदन कर सकेंगे। इन पदों पर भर्ती के लिए एप्लीकेशन विंडो 11 अप्रैल, से शुरू हो गया है। इसके साथ ही इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 1 मई, 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। असिस्टेंट कीपर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 30 वर्ष, सीनियर स्टोर ऑफिसर ग्रेड-2 और लाइव स्टॉक ऑफिसर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अलावा, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी प्रदान की जाएगी। ओबीसी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में तीन वर्ष की छूट और एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को पांच वर्ष की छूट प्रदान की गई है।




### इस तरह कर सकेंगे अप्लाई

उम्मीदवारों के पास पद से संबंधित विषय में पात्रता होनी चाहिए। यूपीएससी की ओर से असिस्टेंट कीपर, सीनियर स्टोर ऑफिसर ग्रेड-2 और लाइव स्टॉक ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया कल से शुरू कर दी जाएगी। ऐसे में उम्मीदवारों की सहायता के लिए यहां रजिस्ट्रेशन करने के आसान स्टेप्स बताए गए हैं, जिन्हें फॉलो करके उम्मीदवार आसानी से अप्लाई कर सकेंगे। आवेदन करने के लिए सबसे पहले यूपीएससी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर विजिट करना होगा।

स्पोर्टर्स न्यूज

## फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी की सरकंडा ब्रांच 2.0 का शुभारंभ आज

**बिलासपुर।** फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी की सरकंडा क्षेत्र में ब्रांच 2.0का शुभारंभ आज होने जा रहा है। 18 अप्रैल दिन शनिवार को 4:00 बजे सरकंडा सरकंडा मुक्तिधाम रोड में मार्क हॉस्पिटल के सामने सरकंडा क्षेत्र के खिलाड़ियों को मिला बड़ा खेल मैदान मिला है।

नये खेल प्रशिक्षण संस्थान के शुभारंभ की जानकारी देते हुए एकेडमी प्रबंधन ने बताया कि सरकंडा क्षेत्र के नवोदय खिलाड़ियों को अब उनके घर के नजदीक ही बड़ा खेल मैदान क्रिकेट मिल रहा है। खेल मैदान में अनुशासन के संबंध एवं संस्थान के विस्तार की जानकारी देते हुए बताया कि बिलासपुर शहर की बढ़ती आबादी को देखते हुए, फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के 10 साल पूरा होने पर शहर के नवोदय खिलाड़ियों के लिए, सरकंडा क्षेत्र में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी ब्रांच 2-0 का शुभारंभ आज किया जाएगा। जिसमें खेल मैदान में सभी आयु वर्ग के बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण आज से शुरू किया गया है। आने वाले समय में इस खेल मैदान से प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट के खिलाड़ी निकल कर सामने आएंगे। इस खेल मैदान में प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ी, बिलासपुर के बच्चे आगे जाकर क्रिकेट के क्षेत्र में शहर का एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन कर सके। नई शाखा में नवोदय खिलाड़ियों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है। महाराणा प्रताप चौक फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी खेल मैदान में पिछले 10 सालों से शहर के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और इस मैदान से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आज राज्य एवं नेशनल स्तर पर क्रिकेट के क्षेत्र में शहर एवं एकेडमी का नाम रोशन कर रहे हैं।

The Foundation Bilaspur (C.G.) — Foundation Cricket Academy

### नई तकनीक से क्रिकेट एकेडमी में नवोदित खिलाड़ी तैयार होंगे

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने बताया की सरकंडा क्षेत्र में 60 हजार वर्ग फिट में खेल मैदान में पांच अलग-अलग पिच बनाए गए हैं। नवोदित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए नई टेक्नोलॉजी से राष्ट्रीय स्तर के कोच से बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ऑटोमेटिक बॉलिंग मशीन, स्पीड राडार गन, बाल ऑटो फीडर, से यहां बच्चों को नई तकनीक से क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पिछले 10 सालों से फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के द्वारा शहर के खिलाड़ियों को क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। और ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी खिलाड़ियों के माता-पिता को यहां पर समर कैंप का इंतजार रहता है।

उत्तराखंड में आयोजित इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट

## अयान वीर का शानदार प्रदर्शन

8वां ऑल इंडिया पीसी भट्टा मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट उत्तराखंड मे फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी अयानवीर सिंह भाटिया ने ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट उत्तराखंड में शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले मैच में नाबाद अर्धशतक लगाकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। साथ ही अयानवीर सिंह ने उत्तराखंड के पिच पर तीन विकेट भी लिए। आयान ने 24 गेंद में 51 रन बनाकर सात चौके तथा तीन छक्के लगाकर महत्वपूर्ण योगदान अपनी टीम के लिए दिया। अयान वीर कासिगा स्कूल देहरादून उत्तराखंड की टीम से खेल रहे हैं। और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहेहैं। इस प्रतियोगिता में 12 राज्यों की टीम भाग भाग ले रही है जिसमें मसूरी, देहरादून, असम, सोलान, मध्य प्रदेश ग्वालियर, 12 टीम भाग ले रही है।





## छत्तीसगढ़ बेसबॉल की जबरदस्त शुरुआत

69वी राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता दिल्ली में 16 से 22 अप्रैल तक आयोजित है,जिसमें प्रदेश के बेसबॉल 14 एवं 17 वर्ष के बालक - बालिका की टीम भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ टीम के प्रमुख प्रबंधक अख्तर खान ने बताया कि 17 वर्ष बालिका का पहला मैच जम्मू कश्मीर से हुआ,जिसमें अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ 17 वर्ष बालिका की टीम ने 12-2 से जीत हासिल किया। जिसमें साक्षी ध्रुव,कामिनी,रागिनी ने अपनी टीम के लिए रन बनाएं वहीं 14 वर्ष बालिका टीम ने भी ज़बरदस्त शुरूआत करते हुए मणिपुर बालिका को 11-0 से हराकर अपना मैच जीता। जिसमें सोनाली नगीना, दिव्या, रानी ने टीम के लिए रन बनाया। 17 वर्ष बालक टीम ने जबरदस्त शुरुआत करते हुए पहला मैच जम्मू कश्मीर से 10-0 से जीता जिसमें योगेश, सागर, प्रमोद, रिंकू ने टीम के लिए रन बनाया और अपना दूसरा मैच सीबीएसई टीम से भी 10-0 से जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने से पहले प्रदेश की बेसबॉल दल का तीन दिवसीय कोचिंग कैंप बिलासपुर में छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में 11 से 13 अप्रैल तक लगाया गया था। जिसमें खिलाड़ियों को फिजिकल फिटनेस मानसिक तौर से मैच खेलने के लिए तैयार किया गया था। जिसके परिणाम स्वरूप खिलाड़ियों से यह आशा है कि वे छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए पदक लाएंगे। टीम के कोच मैनेजर अख्तर खान, दिनेश वर्गीस, संदीप गाहिरे नेहा यादव,अंजलि खलको है। खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए प्रदेश बेसबॉल संघ की अध्यक्ष डॉ पलक जायसवाल महासचिव मिताली घोष, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कैरोलीन सत्तुर, मृत्युंजय शर्मा जिला क्रीड़ा अधिकारी कमलेश यादव, आकाश कश्यप,लखन देवांगन शिशिर निषाद एवं सभी व्यायाम शिक्षक ने शुभकामनाएं दी।



17-APR---REGNOL-pg-6-COMMAN_Layout 1 4/18/2026 12:03 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### अक्षत ने 10वीं में 94% अंक हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान



**सीपत।** सीपत के प्रतिष्ठित गुप्ता परिवार के होनहार छात्र अक्षत गुप्ता ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इस शानदार उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि विद्यालय और पूरे सीपत क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। अक्षत दीपक गुप्ता व बबली गुप्ता के सुपुत्र हैं, और वे बाल भारती पब्लिक स्कूल सीपत के छात्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं परिजनों में हर्ष का माहौल है। अक्षत की सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुओं को दिया है।

### पटपरहा में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर



**लोरमी।** विकासखंड के दूरस्थ वनांचल बैगा ग्रामों में 'क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन' जनजागरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान गांव के लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाई एवं परामर्श दिया जाता है। इसी कड़ी में बैगा ग्राम पटपरहा में 'क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन' जनजागरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 54 से अधिक मरीजों की जांच की गई, जिसमें संदेहास्पद टीबी के 6, सर्दी-खांसी के 8, दाद-खाज-खुजली के 7, बुखार के 5, सुगर के 2, बीपी के 5, पइल्स के 3, हाथ-पैर दर्द के 7, कमजोरी के 8, कान से संबंधित 1 तथा आंख संबंधी बीमारी के 2 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाई एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। जिला क्षय-कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉ सुदेश रात्रे ने बताया कि, शिविर में संदेहास्पद टीबी मरीजों की बलगम सीबीनॉट मशीन में जांच के लिए एकत्र किया गया। इसके साथ ही बचाव व नियंत्रण के लिए पाम्पलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक अमिताभ तिवारी, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे, आरएचओ एवं मितानिन सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

### सीसी रोड तोड़ने से मना करने पर अभद्रता व मारपीट

**तखतपुर।** सीसी रोड तोड़कर मकान बनाने से मना करने पर आरोपी ने एक परिवार के साथ साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरसहा निवासी संगीता भास्कर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, संदेश नवरंग सीसी रोड तोड़कर घर के निर्माण के लिए पिलर खड़ा कर रहा था।इस पर जब संगीता के ससुर बाबूलाल भास्कर ने संदेश को सड़क तोड़ने से मना किया, तो संदेश नवरंग, दिनेश नवरंग और रामाधार नवरंग ने गाली-गलौज करते हुए उसके देवर नोहर भास्कर से मारपीट कर दी। पुलिस ने धारा 115,2 296, 3,5 351, 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण संपन्न



**लोरमी।** तहसील लोरमी में आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित एवं त्रुटि रहित संपादित करने के उद्देश्य से कलेक्टर कुंदन कुमार, एसडीएम अजीत पुजारी एवं चार्ज अधिकारी तहसीलदार शेखर पटेल के निर्देशन में फील्ड ट्रेनर्स द्वारा जनगणना प्रशिक्षण 2027 संपन्न हुआ। प्रशिक्षण दो बैच में 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक कन्या शाला लोरमी में आयोजित किया गया, जिसमें जनगणना प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कुल 90 प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को गहन प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर ने सुबह 9.30 से शाम 5.30 बजे तक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान दौरान नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश सोनी एवं शांतनु तारम ने प्रशिक्षण का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## निधन

### एन वी वर्गीस



**बिलासपुर।** एन वी वर्गीस का 16 अप्रैल को केरल में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 अप्रैल को दोपहर दो बजे केरल में किया जाएगा। वे पीएचईडी कलेक्टोरेट की सेवानिवृत मरियम वर्गीस के पति, मर्ली वर्गीस के पिता थे।

### सुमित्रा बाई साहू



**बिलासपुर ।** ग्राम-सेमरा निवासी सुमित्रा बाई साहू का स्वर्गवास 17 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 अप्रैल को सुबह 11 बजे गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भगवती साहू, जगवती साहू, संतोष साहू,अशोक साहू,प्रमोद साहू के पिता थे।

### भागवत प्रसाद कौशिक



**बिलासपुर।** ग्राम सक्तीपारा निवासी भागवत प्रसाद कौशिक का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 अप्रैल को गृह ग्राम पर में किया जाएगा। वे हरिराम, संतोष कौशिक एवं कन्हैया कौशिक के पिता थे।

---


आनलाइन जमा हुए 15 लाख टैक्स 1 करोड़ 30 लाख रुपए की डिमांड

# पंचायतों में पहली बार आनलाइन जमा किया जा रहा प्रापर्टी टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अब ग्राम पंचायतों में भी आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा हो रहा है। पहली बार आनलाइन माध्यम से 15 लाख रुपए टैक्स वसूल हुए हैं जबकि मैनुअल वसूली को मिलाकर यह राशि और अधिक है। इस तरह से ग्राम पंचायतों में भी अब आनलाइन टैक्स जमा किया जा सकता है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शहरों नगरीय निकायों की तरह ही ग्राम पंचायतों में आनलाइन टैक्स जमा करने के एप लागू किया गया है। ग्राम पंचायतों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा किया जा सकता है। ग्राम पंचायतों में भी लोगों से प्रापर्टी टैक्स लेने का प्रावधान है। हालांकि शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में टैक्स वसूली को लेकर उतना सख्ती नहीं बरती जाती और न ही नगरीय निकायों के तरह अधिक टैक्स लगता है। लेकिन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्राम पंचायतों में भी नगरीय निकायों की तरह आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। भारत सरकार के समर्थ पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण भी आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा कर सकते हैं। पंचायत विभाग द्वारा जिले के ग्राम पंचायतों को कुल 1 करोड़ 39 लाख राशि टैक्स वसूली का डिमांड दिया गया था। इसमें मैनुअल व्यवस्था के साथ इस बार आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा दी गई, जिससे 15 लाख रुपए से अधिक टैक्स आनलाइन जमा हुए हैं। इस तरह पंचायतों में पहली बार आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा होना शुरू हो गया है।




### सरपंच व सचिव नहीं कर सकेंगे फर्जीवाड़ा

यह व्यवस्था शासन की डिजिटल इंडिया एवं ई-गवर्नेंस की सोच को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है। ऐसा माना जा रहा है कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रापर्टी टैक्स भुगतान की सुविधा शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शिता बढ़ेगी और टैक्स वसूली की प्रक्रिया सरल, त्वरित व भरोसमंद होगी तथा सरपंच या सचिव टैक्स वसूली में फर्जीवाड़ा नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा लोगों को ग्राम पंचायत कार्यालय के चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा और वे अपने मोबाइल, कंप्यूटर एवं अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र या सीएससी के माध्यम से आसानी से आनलाइन टैक्स का भुगतान कर सकते हैं।

### भुगतान की रसीद डाउनलोड

इस सिस्टम अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों का क्यूआर कोड बनवाया गया है। इसके साथ ही अचल संपत्तियों का डिजिटल रिकार्ड तैयार किया गया है, जिससे टैक्स निर्धारण में स्पष्टता आएगी। पोर्टल पर लॉगिन कर ग्रामीण अपनी प्रापर्टी का विवरण देख सकेंगे तथा देय की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। इसी तरह आनलाइन टैक्स भुगतान की रसीद भी डाउनलोड कर सकते हैं। इससे समय बचेगा और अनावश्यक विवादों से बचा जा सकता है।

### विकास कार्यों में खर्च होगी राशि

समर्थ पोर्टल के जरिए ग्रामीणों से जो प्रापर्टी आनलाइन जमा होगा, वह राशि ग्राम पंचायत के बैंक एकाउंट में जाएगा। टैक्स से प्राप्त राशि का उपयोग ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो जैसे सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, स्ट्रीट लाईट व मूलभूत सुविधाओं के विस्तार में किया जाएगा। इससे ग्राम पंचायतों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और स्थानीय विकास को गति मिलेगी।

### लोगों को दी जा रही है सुविधा

पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायतों में भी लोगों को आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा देने की दिशा में काम लगभग पूरा हो गया है। ग्रामीणों द्वारा मैनुअल टैक्स जमा किया जाता है इस बार लोगों ने आनलाइन माध्यम से भी प्रापर्टी टैक्स जमा किया है। इस तरह आनलाइन टैक्स जमा करने की शुरुआत हो गई है।

-शिवानी सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पंचायत विभाग

---

## किसान हित में ऐतिहासिक पहल 5 नए पैक्स केंद्रों का शुभारंभ



**कोटा।** 'किसान मन के सम्मान, भारतीय जनता पार्टी के सुशासन सरकार की पहचान' के संकल्प को साकार करते हुए कोटा विस क्षेत्र में किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कार्य संपन्न हुआ। बेलगहना मंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत दारसागर में आदिम जाति प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित के अंतर्गत 5 नवीन केंद्र पोढ़ी, पचरा, दारसागर, अमाली एवं अमा गोहन का वर्चुअल शुभारंभ किया गया।

▪ किसानों की समस्याओं का समाधान व उत्पादकता में वृद्धि होगी

कार्यक्रम में कोटा विस के लोकप्रिय नेता प्रबल प्रताप सिंह जूदेव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान जूदेव ने कहा कि, यह पहल कोटा विधानसभा के किसानों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। वर्षों से किसानों को कृषि संबंधी कार्यों जैसे ऋण प्राप्ति, बीज एवं खाद की उपलब्धता के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाना पड़ता था, जिससे उन्हें समय, श्रम और धन की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इन नवीन पैक्स केंद्रों के प्रारंभ होने से किसानों को अपने ही क्षेत्र में सभी आवश्यक सुविधाएं सुलभ हो सकेंगी, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान होगा और उनकी उत्पादकता में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार किसानों के कल्याण, उनकी आय में वृद्धि तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। सरकार की विभिन्न योजनाएं आज अंतिम छोर तक पहुंच रही हैं, जिससे किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, सभी ने इस ऐतिहासिक पहल का स्वागत किया।

---

## 98 प्रतिशत अंक के साथ जिले के टॉपर बने अनुज



**गौरेला।** सीबीएसई की ओर से आयोजित कक्षा 10वीं की परीक्षा में जिले के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष जिले के 6 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर टॉप सूची में जगह बनाई है, जिससे स्कूलों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। जिले में प्रथम स्थान डीएवी पब्लिक स्कूल सारबहरा के छात्र अनुज अग्रवाल ने हासिल किया, जिन्होंने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। द्वितीय स्थान पर 97.2 प्रतिशत अंक के साथ मां कल्याणिका पब्लिक स्कूल के छात्र अनंत गोयल एवं तृतीय स्थान पर 96.6 प्रतिशत अंक के साथ छात्रा आयुषी अग्रवाल रहीं। इसी तरह चौथे स्थान पर मोहम्मद कामरान 95.8 प्रतिशत, पांचवें स्थान पर अंशिका अग्रवाल ने 95 प्रतिशत, छठवें स्थान पर सुप्रियांशी शर्मा 93 प्रतिशत और निखिल जोशी 92.8 प्रतिशत ने जिले का नाम रोशन किया। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, एसपी मनोज कुमार खिलारी, जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी सहित जनप्रतिनिधियों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। टॉपर अनुज अग्रवाल ने बताया कि, उन्होंने बिना किसी ट्यूशन के केवल सेल्फ स्टडी के दम पर यह सफलता हासिल की है। उनका लक्ष्य आगे चलकर कलेक्टर बनकर देश की सेवा करना है।

## आदर्श गोंड सामूहिक विवाह में शामिल हुए विधायक अटल



**कोटा।** कोटा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगचूवा में आयोजित आदर्श गोंड सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक अटल श्रीवास्तव शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने नवविवाहित 9 जोड़ो को शुभाशीष प्रदान करते हुए उनके सुखमय, समृद्ध एवं मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि, सामूहिक विवाह जैसी परंपराएं समाज में एकता, सहयोग और संस्कारों को मजबूत करती हैं। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता के साथ-साथ अनावश्यक खर्चों को कम करने का भी माध्यम बनते हैं। उन्होंने आयोजन समिति एवं समाजजनों को सफल आयोजन हेतु बधाई दी। उन्होंने आगे कहा, समाज की उन्नति शिक्षा, संगठन और संस्कारों से संभव है तथा इस प्रकार के सामूहिक आयोजन समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन जिलाध्यक्ष राजू सिदार लतेल मरावी बालाराम भोलाराम मेश्राम सुरेश खुसरो मनोहर प्रदीप सिदार जी के साथ समाज के लोग उपस्थित थे।

## जनता का विश्वास व समर्थन सबसे बड़ी ताकतः विनय




**लोरमी।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आव्हान व लोरमी विधायक डिप्टी सीएम अरुण साव के मार्गदर्शन में पर 'गांव-बस्ती चलो' अभियान के अंतर्गत प्रदेश मंत्री पिछड़ा मोर्चा विनय साहू, वरिष्ठ नेता धनीराम यादव, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा महाजन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, कुलेश्वर साहू की उपस्थिति में लोरमी विस के डिंडोरी मंडल के ग्राम सल्हेघोरी में जनसंपर्क कर क्षेत्र के लोगों से संवाद किया गया। कार्यक्रम में विनय साहू ने विधायक अरुण साव के प्रति जनता का अपार समर्थन और विश्वास को सबसे बड़ी ताकत बताया एवं गांव के विकास को नई गति देने के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ सभी को मिलकर कार्य करने की बात कही। वरिष्ठ नेता धनीराम यादव ने भाजपा की डबल इंजन सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा महाजन जायसवाल ने कहा कि, पार्टी का यह अभियान सामाजिक समरसता, सहभागिता एवं जन-जन के बीच सशक्त संवाद की भावना को लेकर इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जनपद सदस्य कुलेश्वर साहू ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्यामजी साहू, सन्तोष शर्मा, अश्विनी साहू, हरिकिशन खत्री सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

## 20 अप्रैल को मनाया जाएगा अक्षय तृतीया का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



सनातन धर्म में विशेष महत्व रखने वाला अक्षय तृतीया का पर्व इस वर्ष 20 अप्रैल सोमवार को श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। भगवान परशुराम जयंती प्रदोष काल में सायं काल पूजा उत्सव में तृतिया तिथि मिल जाने के कारण 19 अप्रेल रविवार को कारक द्वितिया तिथि 1 बजकर 1 मिनट तक है। प्रदोष व्यापनी तृतिया के चलते पुण्य फलकारी अक्षय तृतिया 20 अप्रेल सोमवार को मनाई जाएगी, वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतिया तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व अबूझ मुहूर्त माना जाता है, जिसमें किसी भी शुभ कार्य के लिए पंचांग देखने की आवश्यकता नहीं होती। अक्षय तृतीया पर्व को लेकर ज्योतिषाचार्य पंडित दीनानाथ उपाध्याय ने बताया कि, पंचांग के अनुसार, इस वर्ष तृतीया तिथि का आरंभ 19 अप्रैल को सुबह 10:40 बजे से हो रहा है, जो अगले दिन 20 अप्रैल को सुबह 7:27 बजे तक रहेगी। रविवार को उदया तिथि और दिनभर की अनुकूलता के कारण 20 अप्रैल को ही पर्व मनाना शास्त्रसम्मत होगा। पूजा के लिए विशेष शुभ मुहूर्त सुबह 10:40 से दोपहर 12:20 बजे तक रहेगा। भगवान परशुराम जयंती प्रदोष काल में सायं काल पूजा उत्सव में तृतीया तिथि मिल जाने के कारण 19 अप्रेल रविवार को कारक द्वितीया तिथि 1 बजकर 1 मिनट तक है प्रदोष व्यापनी तृतीया के चलते पुण्य फलकारी अक्षय तृतीया 20 अप्रेल सोमवार को मनाई जाएगी, तृतीया चतुर्थी में सूर्यास्त तिथि तृतीया 10:40 सुबह तक होने से पुण्य फलकारी पर्व आज के दिन दान किया गया फल अक्षय होता है। कोई भी संपत्ति खरीदना संचय करना शुभ होता है।

## सीएम ने 6 सड़कों का वर्चुअल भूमिपूजन किया



**मुंगेली।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस 4 के अंतर्गत जिले के विभिन्न गांवों में कुल 6 सड़कों का भूमिपूजन किया गया, जिनकी कुल लंबाई लगभग 9.65 किलोमीटर है। इन सड़कों के निर्माण पर लगभग 9.41 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी, जिसमें निर्माण एवं मेंटेनेंस लागत शामिल है। इस अवसर पर जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को रणजीता स्टेडियम जशपुर नगर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेस-4 के अंतर्गत स्वीकृत सड़कों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। सीएम साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, पीएमजीएसवाय अंतर्गत प्रदेश के कुल 774 सड़कों का शिलान्यास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण विकास की दिशा में एक नई क्रांति आएगी। कार्यक्रम अंतर्गत जिले के विभिन्न गांवों में 9.65 किलोमीटर लंबी कुल 6 सड़कों का भूमिपूजन किया गया। इन सड़कों के निर्माण पर लगभग 9.41 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी, जिसमें निर्माण एवं मेंटेनेंस लागत शामिल है। इस अवसर पर जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिपं अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, जनपद पंचायत लोरमी की अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। विधायक मोहले ने कहा कि, इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी, कृषि उत्पादों के परिवहन में आसानी आएगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच सुगम होगी। ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास में सड़क नेटवर्क की अहम भूमिका होती है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली ये सड़कें न केवल गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ेंगी, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को गति देंगी। ईई पीएमजीएसवाय पी सूर्यवंशी ने बताया कि, लोरमी अंतर्गत टी 010 एसएच 8 मेनरोड से कंसरा लम्बाई 2.50 किमी, दाधीपारा खास से नथेलापारा लम्बाई 1.50 किमी, मुंगेली अंतर्गत गोपतपुर से बिंझौरी लम्बाई 0.95 किमी, मेन रोड दाबो से बहरपुर लम्बाई 1 किमी, गीधा चातरखार बायपास से बरबसपुर लम्बाई 2.10 किमी और बिलासपुर मुंगेली रोड से चितवाकापा लम्बाई 1.60 किमी सड़क की स्वीकृति मिली है।

---

केरोसिन डालकर पत्नि को किया था आग के हवाले

## संगीता तिवारी हत्याकांड, दोषी पति को आजीवन कारावास

**मुंगेली।** संगीता तिवारी हत्याकांड 27 गवाहों और 7 स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की गवाही और डाइंग डिक्लेरेशन के आधार पर पति को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। जिला एवं सत्र न्यायालय गिरिजादेवी मेरावी ने हत्याकांड में अपनी ही पत्नी को केरोसिन डालकर जिंदा जलाने वाले आरोपी पति पवन तिवारी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

पूरे मामले में अभियोजन की ओर से वैज्ञानिक साक्ष्यों और गवाहों की लंबी फेहरिस्त पेश की गई थी। घटना 12 नवंबर 2023 की है, जब दीपावली त्यौहार के बीच ग्राम मसना के एक घर मातम फैल गया। आरोपी पवन तिवारी ने मामूली विवाद के बाद अपनी पत्नी संगीता तिवारी पर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा दी थी, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई।गंभीर रूप से झुलसी संगीता ने रायपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान 21 जनवरी 2024 को अंतिम सांस ली। इस केस को




साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने कड़ी मेहनत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुल 27 गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। चिकित्सकीय साक्ष्य मामले में 7 डॉक्टरों की गवाही अत्यंत महत्वपूर्ण रही। जिन्होंने संगीता की शारीरिक स्थिति, जलन के प्रकार और उसके होश में रहकर बयान देने की क्षमता की पुष्टि की। प्रमुख भूमिका इस प्रकरण में लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ठाकुर ने मजबूती से शासन का पक्ष रखा। वहीं विवेचक अखिलेश वैष्णव द्वारा की गई बारीकी से जांच और साक्ष्यों के संकलन ने केस को सजा तक पहुंचाने में मुख्य भूमिका निभाई। गिरिजा देवी मेरावी ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि, मृतिका संगीता द्वारा मजिस्ट्रेट के समक्ष दिया गया मरणासन्न कथन सबसे पुख्ता सबूत है। संगीता ने मरते समय स्पष्ट किया था कि, उसके पति ने ही उस पर तेल डालकर माचिस जलाई थी। दोषी पति पवन तिवारी को धारा 302 के तहत उम्रकैद की सजा सुनाई गई। वहीं दोषमुक्त साक्ष्यों के अभाव में मृतिका की सास और ससुर को रिहा किया गया। बच्चों के लिए राहत न्यायालय ने मृतिका की दो अनाथ बेटियों के भरण–पोषण और शिक्षा के लिए पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत मुआवजा दिलाने का आदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को दिया है।

## बच्चों को डिजिटल उपकरणों से दूर रखने 'नो स्क्रीन डे'

**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार पोषण अभियान अंतर्गत जिले में 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में अभिभावकों को प्रेरित किया जा रहा है कि वे प्रतिदिन एक निश्चित समय 'नो स्क्रीन टाइम' के रूप में निर्धारित करें और उस समय को परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण रूप से व्यतीत करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि, वर्तमान समय में बच्चों का झुकाव मोबाइल, टीवी एवं अन्य डिजिटल उपकरणों की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस विशेष पखवाड़े के माध्यम से अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है कि, वे बच्चों के साथ खेल, संवाद एवं रचनात्मक गतिविधियों में समय बिताएं। अभियान के तहत पोस्टर, जनसंपर्क एवं सामुदायिक गतिविधियों के जरिए यह संदेश दिया जा रहा है कि 'नो स्क्रीन टाइम' को फैमिली टाइम में परिवर्तित कर बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### बार एसोसिएशन के सेमिनार में शामिल हुए अधिवक्ता विनय और आशीष



**बिलासपुर।** लीगल रिफॉर्म रोडमैप टू ए टेन ट्रिलियन भारत विषय पर 11 एवं 12 अप्रैल को द बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में अधिवक्ता विनय दुबे एवं आशीष शुक्ला ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। प्रारंभिक सत्र के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, आर. वेंकटरमणि, अटॉर्नी जनरल ऑफ इंडिया, प्रो. एस. महेंद्र देव, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति के चेयरमैन सुमन बेरी, वाइस चेयरमैन नीति आयोग एवं ए. एस. चांदोक अध्यक्ष बीओ आई रहे। द्वितीय सत्र में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता कृषणनन वेणुगोपाल, डाक्टर आदित्य सोंधी, सम्राट उपाध्याय, तृतीय सत्र में सीएस वैद्यनाथन, एके गांगुली, श्याम दीवान अभ्यागत रहे। द्वितीय दिवस दिल्ली हाईकोर्ट के जज सुब्रमण्यम प्रसाद, जस्टिस सी. हरिशंकर, जस्टिस अनीश दयाल, एस. जी. विक्रमजीत बनर्जी, वरिष्ठ अधिवक्ता बॉम्बे हाई कोर्ट उदय प्रकाश वारंजीकर, नितिन ठक्कर की नोट स्पीकर में सम्मिलित रहे।

### होली क्रास स्कूल में सर्व धर्म एकता समारोह का भव्य आयोजन




**बिलासपुर।** होली क्रास स्कूल में सर्व धर्म एकता समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला तथा विशिष्ट अतिथि एडिशनल सुपरीटेंडेंट ऑफ पुलिस मधुलिका सिंह, एडिशनल एसपी ट्रैफिक रामगोपाल करियारे, धर्मगुरु पंडित मयंक तिवारी, मो अब्दुल कलाम हाफिज, ज्ञानी मान सिंह, फादर जैकब, फादर जॉन जैकब, शैलेंद्र सिंह ठाकुर , सुरेश पांडे, पुरुषोत्तम दुबे, इरशाद अली, बीपी सिंह, बीके लता दीदी थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या डॉ सिस्टर क्लेरिटा डिमेलो ने की, जबकि प्रबंधन में सिस्टर लूसी, सिस्टर अजेया, सिस्टर नीलिमा एवं सिस्टर महिमा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का सर्वधर्म प्रार्थना के साथ हुआ। विभिन्न धर्मों से आए गुरुओं ने अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि सभी धर्मों का मूल संदेश प्रेम, शांति और मानवता है। उन्होंने समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने पर बल दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को सही दिशा प्रदान करते हैं। वहीं अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे एक अनुकरणीय पहल बताया।अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें सभी अतिथियों,एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### नारी शक्ति और छग स्वराज महिला मंच ने संशोधन बिल के लिए मांगा समर्थन



**बिलासपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोक सभा में संविधान संशोधन विधेयक 133 बिल पेश किया गया। इस संबंध में नारी शक्ति एवं छतीसगढ़ स्वराज महिला मंच द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें लेखिका एवं कवयित्री डॉ नेहा सिंह राजपूत , डा. स्वाति मुरारका एवं पुष्पा पाटले जांजगीर द्वारा किया गया। इसमें डॉ नेहा ने कहा कि देश की आज़ादी के बाद पहली बार देश की आधी आबादी को संविधान में हक मिलने जा रहा है जो देश की लोक सभा और राज्यों के विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत की भागीदारी मिलने जा रही है इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हम धन्यवाद देते हैं। इस बिल के समर्थन के लिए नारी सक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन के लिए, अधिक से अधिक महिलाएं समर्थन कर सकती हैं। ये जो विधेयक संसद में पेश हुआ है आने वाले इतिहास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को याद करेगा। हम देश की सभी विपक्षी पार्टियों से भी आग्रह करेंगे कि देश की आधी आबादी यानी नारी शक्ति आपको भी मत देती है। उन्होंने निवेदन किया कि इस संशोधन बिल में अपनी सहमति दे और इसे पास कराने में मदद करे।

**एआईसीटीई ने दी स्वीकृति** | **नए सत्र से इंजीनियरिंग के दो नए कोर्स होंगे शुरू**

# गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज कहलाएगा छग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर कोनी स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज अब छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी बिलासपुर के नाम से जाना जाएगा। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई ने इंजीनियरिंग कालेज के नाम परिवर्तन को स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही नए सत्र से इंजीनियरिंग के दो नए कोर्स भी शुरू किए जाएंगे।

लोकसभा चुनाव के समय मोदी की गारंटी में आईआईटी के तर्ज पर सीजीआईटी खोलने की घोषणा की गई थी। उसी के तहत रायपुर व जगदलपुर इंजीनियरिंग कालेज का नाम पहले बदला जा चुका है और कवर्धा सहित जशपुर एवं रायगढ़ पालिटेक्नीक कालेजों का भी नाम परिवर्तन किया गया है। इसके बाद अब बिलासपुर गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज भी नाम बदल दिया गया है। इसके लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई को प्रस्ताव भेजा गया था जिसे एआईसीटीई ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। अब बिलासपुर कोनी



स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी के नाम से जाना जाएगा। यह इंजीनियरिंग कालेज अब नए नाम से ही संचालित होगा और इसके साथ ही नए शिक्षा सत्र से इंजीनियरिंग कालेज में इंजीनियरिंग के दो नए कोर्स भी शुरू होंगे। नाम परिवर्तन के साथ जो नए कोर्स शुरू हो रहा है उससे क्षेत्र के तकनीकी शिक्षा विकास में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### इंजीनियरिंग के नए कोर्स

छत्तीसगढ़ इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नालाजी बिलासपुर में आधुनिक तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देते हुए दो नए अत्याधुनिक इंजीनियरिंग कोर्स प्रारंभ किए जा रहे हैं। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग एआई एंड एमएल और इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेंशन इंजीनियरिंग वीएलएसआई डेशिंग एंड टेक्नालाजी कोर्स शामिल हैं। इन दोनों कोर्स में 60-60 सीटें होगी। ये दोनों कोर्स वर्तमान उद्योग की मांग और भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शुरु किए जा रहे हैं, जिससे छात्रों को उच्च स्तर के करियर अवसर प्राप्त होंगे।

### सात से बढ़कर हो जाएंगी नौ ब्रांच

छत्तीसगढ़ इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नालाजी बिलासपुर में अब इंजीनियरिंग ब्रांचों की संख्या सात से बढ़कर नौ हो जाएगी। इंजीनियरिंग कालेज में पहले से सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलिकम्यूनिकेशंस इंजीनियरिंग, इनफार्मेशन टेक्नालाजी, मेकेनिकल इंजीनियरिंग, माइनिंग इंजीनियरिंग मिलाकर सात ब्रांच थे। इसके अलावा थर्मल इंजीनियरिंग में पीजी है। दो नए इंजीनियरिंग ब्रांच खुलने से ब्रांच की संख्या बढ़कर नौ हो जाएगी।

### बड़ी उपलब्धि

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है और यह बदलाव न केवल संस्थान की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ करेगा, बल्कि छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में विशेषता प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करेगा। आने वाले समय में संस्थान को और अधिक उत्कृष्ता की दिशा में ले जाने के लिए कई नवाचार और शैक्षणिक पहल की जाएगी।

**-डॉ. एसके सिंघई,**
प्रिंसीपल,गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज बिलासपुर

**सरकारी अस्पतालों में रिफर करने की समस्या से मिल रही निजात**

# सर्जरी में सहायक हो रही सी आर्म मशीन, 3 माह में 90 आपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में पिछले 1 साल से आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की बढ़ोत्तरी हो चुकी है। आर्थोपेडिक सर्जरी के लिए कुछ माह पहले ही सीआर्म मशीन लाई गई है। जटिल से जटिल हड्डी संबंधी ऑपरेशन किया जा रहा है। इस दौरान मरीजों को अन्य सरकारी अस्पतालों में रिफर करने की समस्या से निजात मिल रही है।

सीआर्म मशीन लगने के बाद आर्थोपेडिक आपरेशन में तेजी आई है। फरवरी माह में 40, मार्च 30 और अप्रैल 20 सफल ऑपरेशन किए गए। तीन माह में 90 मरीजों का आपरेशन किया गया है। यह उपलब्धि संस्थान के साथ ही क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गया है। सी आर्म मशीन अत्याधुनिक इमेजिंग तकनीक है, जिससे ऑपरेशन के दौरान हड्डियों और जोड़ों की सटीक स्थिति का पता लगाया जाता है। सर्जन ऑपरेशन के हर चरण को बारिकी से देख सकता और अधिक सुरक्षित, सटीक और सर्जरी कर सकता है। मशीन नहीं होने के कारण मरीजों को रायपुर जैसे बड़े हायर सेंटर रिफर करना होता था लेकिन अब इसकी जरूरत नहीं है।



सिम्स में सीआर्म मशीन से आर्थोपेडिक आपरेशन करते चिकित्सक।

### गुणवत्ता पर दे रहे ध्यान

मरीजों को बड़े महानगरों जैसी सुविधाएं सिम्स में उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। संस्थान में आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता, चिकित्सकों के कौशल विकास और सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**-डॉ रमणेश मूर्ति**, डीन, सिम्स

### दो अन्य मशीनें भी लगेगी

सिम्स में जल्द ही सी-आर्म की 2 मशीनें स्थापित की जाएगी। जिससे आपरेशन की संख्या बढ़ेगी। प्रदेश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों की श्रेणी में सिम्स की दावेदारी मजबूत होगी।

### प्रभावी बनाई गई व्यवस्था

सिम्स शुरूआत से ही प्रशासनिक दक्षता, अनुशासन और मरीजों के प्रति समर्पण के लिए पहचाना जाता हैं।अस्पताल की व्यवस्थाएं अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाई गई है। मरीज को समय पर सहज और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले इसकी कोशिश रहती है।

**-डॉ लखन सिंह,**
अधीक्षक, सिम्स

## एजुकेशन प्लस

### चिरमिरी डीएवी के छात्र चिन्मय 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ सेकेंड स्टेट टापर

**बिलासपुर।** सीबीएसई द्वारा जारी कक्षा 10 वीं के रिजल्ट में चिरमिरी जिले के डीएवी बरतुंगा के छात्र चिन्मय प्रकाश रे 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। अभी तक मिले परिणाम के मुताबिक चिन्मय सेकेंड स्टेट टापर है। उन्हें कुल 500 में से 498 अंक मिले हैं। उनसे आगे दुर्ग डीपीएस की अध्याशा परिदा हैं जिन्हें 500 में 499 अंक मिले हैं।



चिन्मय आगे गणित लेकर पढ़ाई करना चाहते हैं और उनके टारगेट आईआईटी क्रैक करना है। इसके लिए उन्होंने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। 15 अप्रैल 2026 को जारी सीबीएसई कक्षा 10वीं के नतीजों में चिरमिरी के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। डीएवी चिरमिरी के 12 से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। इसमें डीएवी बरतुंगा के छात्र चिन्मय प्रकाश रे 99.6 % अंकों के साथ सेकेंड स्टेट टापर बने हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### प्रीमियर अकादमी के 20 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए 90% से अधिक अंक

**बिलासपुर।** प्रीमियर अकादमी ने सत्र 2025–26 की केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दर्ज किया है। इस वर्ष कुल 100 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 20 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया। इसमें अभ्युदय कर्ष (97%), नीतू प्रधान (96.4%) वेद पंडिया (96% ) ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अक्षत श्रीवास्तव ने 95.6%, सताक्षी ने 94.6%, ऋषिका









गौतम ने 94.2%, पर्वनी पटेल एवं आरुषी तांडेय ने 94% अंक अर्जित किए। वहीं अनामिका सिंह, राघवन एवं निमृत होरा ने 93%, नीरज पटेल एवं ऋषभ देव ने 92% तथा विन्या गुरवानी एवं आयुषी तांडेय ने 91% अंक प्राप्त किए। प्रीमियर अकादमी के संचालक जयेश गुम्बर और डॉ. रनीत गुम्बर ने इस सफलता का श्रेय अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन, सतत मूल्यांकन को दिया।

### अभिनव को मिले 99.40 प्रतिशत अंक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में बिलासपुर सदैव शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। जिले ने हमेशा होनहार छात्र प्रदेश को दिए।



इसी क्रम में नर्मदा नगर निवासी अभिनव यादव ने सीबीएसई 10 वी में 99.40 अंक प्राप्त कर इतिहास दर्ज करते हुए पूरे बिलासपुर का नाम ऊंचा किया है। उनके पिता लोरमी के झम्मन यादव एवं माता संगीता यादव शिक्षक हैं। उनके पुत्र ने इस मुकाम को हासिल किया है। अभिनव यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं गुरु जनों को दिया है। उनका सपना है कि वे आईएएस बन कर देश की सेवा करना चाहता है।

### बीपीएस के अर्जुन को मिले 80.3% अंक

**बिलासपुर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बेहतराई के कक्षा 10 वीं के छात्र अर्जुन ने सीबीएसई परीक्षा में 80.3% प्राप्त किया है। इसने नर्सरी से 10वीं तक कही भी किसी से कोई कोचिंग नहीं किया है केवल स्वाध्याय ही किया है। फुटबाल का



अच्छा खिलाड़ी है भविष्य में राष्ट्र की तरफ से खेलना चाहता है। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरूजनों को दिया है। स्कूल प्रबंधन द्वारा अर्जुन के उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

### अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही भाजपा का मुख्य ध्येयः अमर




**बिलासपुर।** भाजपा के 'बस्ती चलो अभियान' के तहत विधायक अमर अग्रवाल ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न वार्डों का दौरा कर जनसंवाद किया। इस दौरान वार्डवासियों ने जहाँ एक ओर अपनी समस्याएं साझा कीं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लिए श्री अग्रवाल के प्रयासों की जमकर सराहना भी की।

अभियान की शुरुआत वार्ड क्रमांक 21, सूर्यवंशी भवन (ओम नगर) से हुई। यहाँ श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा का सदैव यह प्रयास रहा है कि विकास की मुख्यधारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता का साथ और विश्वास ही उनकी असली शक्ति है। बैठक में नागरिकों ने अपनी बातें रखीं और विकास की इस यात्रा में अपना पूर्ण समर्थन जताया। वार्ड क्रमांक 28 (शिव मंदिर भवन, विद्यानगर) और वार्ड क्रमांक 37 (दुर्गा मंच भवन, खटीक मोहल्ला) में वार्डवासियों ने श्री अग्रवाल के पिछले कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों को सराहा। जनसंपर्क का यह सिलसिला वार्ड नंबर 32 रामनगर (रामकुमार शुक्ला निवास, गोडपारा) और वार्ड क्रमांक 23 (अंबेडकर नगर) तक पहुँचा। बस्तियों के दौरे के बाद श्री अग्रवाल 'राइज छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में शामिल हुए।

### डिग्री, मार्कशीट में विलंब को लेकर छात्र पहुंचे ओपन यूनिवर्सिटी



**बिलासपुर।** पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में छात्र-छात्राओं को मार्कशीट, डिग्री एवं डुप्लीकेट मार्कशीट की हार्डकापी मिलने में विलंब हो रहा है। इस समस्या को लेकर शुक्रवार को छात्र प्रतिनिधिमंडल ओपन यूनिवर्सिटी पहुंचे थे और रजिस्ट्रार से मिलकर ज्ञापन सौंपा है।

ओपन यूनिवर्सिटी पहुंचे छात्रों का कहना है कि पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी अंतर्गत मार्कशीट, डिग्री एवं डुप्लीकेट मार्कशीट की हार्डकापी प्राप्त करने में अत्यधिक विलंब हो रहा है। इसके कारण छात्र-छात्राएं कई बार कार्यालय के चक्कर लगाने को विवश हैं और उन्हें रोजगार सहित अन्य आवश्यक कार्यों में गंभीर कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी की कार्य परिषद एवं विद्या परिषद की बैठकों से संबंधित पूर्व सूचना बैठक के एजेंडा एवं लिए गए निर्णयों को नियमानुसार वेबपोर्टल पर प्रकाशित नहीं किए जाने से प्रशासनिक पारदर्शिता प्रभावित हो रही है।

पूर्व में कार्य परिषद की बैठक के दस्तावेज नियमित रूप से अपलोड किए गए हैं। इस छात्र प्रतिनिधिमंडल में सूरज सिंह राजपूत, रोहन प्रकाश, प्रिंस, वैभव, जुनैद, द्रविड़, राहुल आदि शामिल थे।

## बिजनेस प्लस

### एडवांस फीचर्स के साथ नई रेनाल्ड डस्टर लांच

**बिलासपुर।** ऑटोमोबाइल सेक्टर में आज रेनाल्ड ने अपनी नई रेनाल्ड डस्टर 2026 को ग्लोबली लॉन्च कर दिया है। इस नई एसयूवी को पूरी तरह नए प्लेटफॉर्म और मॉडर्न डिजाइन के साथ पेश किया गया है, जिससे यह पहले से ज्यादा मजबूत, स्टाइलिश और फीचर-लोडेड बन गई है।

नई डस्टर का लुक अब और ज्यादा बोल्ड और मस्कुलर हो गया है। इसमें नया फ्रंट ग्रिल, वाय- शेप एलईडी डीआरएलएस , मजबूत बंपर और रूफ रेल्स दिए गए हैं, जो इसे एक प्रीमियम एसयूवी का फील देते हैं। इसमें बड़े अलॉय व्हील्स और हाई ग्राउंड क्लीयरेंस भी दिया गया है, जो ऑफ-रोडिंग के लिए बेहतर साबित होगा। नई डस्टर में पूरी तरह डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट



सिस्टम, वायरलेस एनड्रोइड आटो और एप्पल कार प्ले ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल और प्रीमियम सीट्स जैसी सुविधाएं दी गई हैं। इंजन के मामले में इस बार हाइब्रिड टेक्नोलॉजी पर भी जोर दिया है। इसमें पेट्रोल और हाइब्रिड इंजन ऑप्शन मिलने की संभावना है, जो बेहतर माइलेज और परफॉर्मेंस देंगे। साथ ही 4 बाई 4 ड्राइव सिस्टम का विकल्प भी मिल सकता है, जो इसे ऑफ-रोडिंग के शौकीनों के लिए खास बनाता है। सुरक्षा के लिहाज से इसमें मल्टीपल एयरबैग्स, 360 डिग्री कैमरा और इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल जैसे फीचर्स शामिल किए गए हैं। भारत में इसकी लॉन्चिंग 2026 के अंत तक होने की उम्मीद है और इसकी कीमत लगभग 10 लाख से 15 लाख रुपए के बीच हो सकती है। नई डस्टर का मुकाबला हुंडई, क्रेटा, किया, सेल्टोस, मारूती ग्रांड वीट्रा और टाटा हरियर जैसी एसयूवीएस से होगा। कुल मिलाकर, नई डस्टर अपने नए अवतार में भारतीय बाजार में एक बार फिर एसयूवी सेगमेंट में हलचल मचाने के लिए तैयार है आज बिलासपुर के रेनॉल्ट के अधिकृत डीलर जैसवानी ऑटो वेंचर तिफरा के संचालक रवि जैसवानी ने दिया जो कि आज बिलासपुर के शो रूम में अपने टीम रेनॉल्ट के साथ नए रेनॉल्ट का स्वागत कर रहें है । इस प्रोग्राम में नीरज जैसवानी, सतीश सिंह, रमेश ककवानी, साक्षी तिवारी, नितिन साहित्य के साथ संस्थान के अधिकारी व स्टाफ व शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### चंद्र टीवीएस राइडर खरीदें और एक राइडर जीतने का मौका पाएं

**बिलासपुर।** चंद्र टीवीएस अपने ग्राहकों के लिए लेकर आया है एक बेहद आकर्षक और रोमांचक मेगा ऑफर। अब एक टीवीएस राइडर खरीदने पर एक और राइडर जीतने का सुनहरा मौका मिल रहा है। यह विशेष योजना



17 अप्रैल से 17 मई तक सीमित अवधि के लिए उपलब्ध है। इस आफर के तहत टीवीएस राइडर खरीदने वाले सभी ग्राहकों को लकी ड्रॉ में शामिल किया जाएगा, जहां भाग्यशाली विजेता को बंपर इनाम के रूप में गारंटीड 1 टीवीएस राइडर जीतने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही अन्य आकर्षक उपहार जैसे 1.50 टन एसी, रेफ्रिजरेटर और स्मार्ट वाच भी लकी ड्रॉ से जीतने का अवसर दिया जा रहा है। युवाओं की पसंदीदा टीवीएस राइडर अपनी दमदार परफॉर्मेंस, स्पोर्टी लुक और शानदार माइलेज के लिए जानी जाती है। शादी के सीजन अब इस शानदार ऑफर के साथ यह बाइक और भी खास बन गई है। यह शानदार अवसर केवल 17 अप्रैल से 17 मई तक ही उपलब्ध है। आज ही चंद्र टीवीएस के महाराणा प्रताप चौक, सरकंडा एवं उसलापुर पहुंचें और इस मेगा ऑफर का लाभ उठाएं।

**जिला मराठा समाज बिलासपुर (छ.ग.)**
**कार्यालय - तुलजा भवानी मन्दिर कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.)**
**पंजीयन क्रमांक 2644/1972 ( निर्वाचन कार्यालय)**

क्रमांक 01/ निर्वाचन जि.म.स. बिलासपुर/2026 — दिनांक 17/4/2026

**निर्वाचन सूचना**

जिला मराठा समाज बिलासपुर (छ.ग.) के समस्त सम्मानीय सदस्य गण को सूचित किया जाता है कि जिला मराठा बिलासपुर (छ.ग.) का सत्र 2026 से 2029 तक कार्यकाल हेतु चुनाव/ निर्वाचन दिनांक 3/5/2026 दिन रविवार को आई तुलजा भवानी मन्दिर परिसर कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.) में सम्पन्न होगा।
**निर्वाचन की कार्यवाही निम्नानुसार की जावेगी**

| क्र. | कार्यक्रम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निरंक नामांकन पत्र का वितरण | 18.04.2026 से 19.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 2 | नामांकन जमा करने का | 21.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 3 | नामांकन पत्रों की जाँच एवं प्रकाशन | 22.04.2026 | सायं 5 से 6 बजे तक |
| 4 | नामांकन पत्रों पर दावा आपत्ति | 22.04.2026 | सायं 6 से 7 बजे तक |
| 5 | आपत्तियों का निराकरण | 22.04.2026 | सायं 7 बजे से 8 बजे तक |
| 6 | नाम वापसी | 23.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 7 | नामांकन पत्रों का अन्तिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्ह का आबंटन | 24.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 8 | मतदान | 03.05.2026 | प्रातः 8 बजे सायं 5 बजे तक |
| 9 | मतगणना एवं चुनाव परिणाम की घोषणा | 03.05.2026 | मतदान के लगभग 1 घंटे पश्चात मतगणना प्रारंभ |

सम्पूर्ण कार्यक्रम आई तुलजा भवानी मन्दिर परिसर कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.) में सम्पन्न होगें।

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी**
**जिला मराठा समाज, बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में युवक की मौत, अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते हुए चालक ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। घायल व्यक्ति को परिजनों ने सिम्स में भर्ती किया लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिम्स चौकी के आरक्षक ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कराया है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के दीनदयाल कालोनी के जैतखंड के पास की है। जहां बाइक क्रमांक सीजी 10 एडब्ल्यू 2438 के चालक द्वारा एक युवक को घायल कर दिया गया। जिसे इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई।मृतक युवक कुशल प्रसाद पिता ईश्वरी प्रसाद उम्र 32 मुलतः खपरी मुलमुला का रहने वाला है। मृतक के परिजन लक्ष्मण नायक ने सिम्स चौकी में घटना की सूचना दी थी। चौकी के आरक्षक यशवंत कश्यप ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### जमीन बंटवारे को लेकर बेटे ने मचाया उपद्रव

**बिलासपुर।** जमीन बंटवारे को लेकर अमेरी में रहने वाले एक युवक ने परिजनों के साथ मारपीट करते हुए गाली गलौज की है। युवक की मां ने सकरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार अमेरी निवासी महेसिया कोशले आंगनबाड़ी सहायिका है और उसके 4 लड़के और 3 लड़की है। उसका छोटा बेटा राहुल कोसले आए दिन जमीन बंटवारे को लेकर झगड़ा करता है। 16 अप्रैल को राहुल घर पहुंचा और नशे के हालत में घर के कुत्ते को लकड़ी से पीटने लगा। जिसे लेकर महेसिया ने मना किया लेकिन राहुल कोसले नहीं माना और गाली गलौज करते हुए अपनी मां को ही बुरा भला कहने लगा। इस दौरान युवक ने बहन को कमरे में बंद कर गला दबाने की कोशिश करता रहा, जिसे परिजनों से छुड़ाया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**लुटेरे लूट के सोने को फाइनेंस कंपनियों में गिरवी रखकर कर्ज लेकर फरार हो रहे**

**बिना रसीद के गिरवी रखने वाले बैंकों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं**

# गोल्ड लोन बैंक बने अब बदमाशों के सुरक्षित ठिकाने, बिल के बिना मिल रहा लाखों का कर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के लगभग सभी गोल्ड लोन बैंक अब बदमाशों के बैंक बनती जा रहे हैं। चोरी व लूट के अपराध में अधिक मुनाफे के लिए बदमाशों ने गोल्ड लोन बैंकों को अपना बैंक बना लिया है। हाल ही में चोरी व लूट के प्रकरणों का खुलासा होने पर बदमाशों के इस नए ट्रैंड का खुलासा हुआ। कुछ जगहों से पुलिस ने चोरी व लूट के गहनों से गोल्ड लोन देने वाली बैंकों से बरामद भी कर लिया। चोर-लुटेरों से चोरी व लूट का सोना खरीदने वाले कारोबारियों को तो पुलिस आरोपी बनाकर कार्रवाई करती है, लेकिन चोरी-लूट का सोना बिना खरीद रसीद के गिरवी रखने वाली बैंकों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

अक्सर आम लोग सोना गिरवी रखकर कर्ज लेने से बचते हैं, लेकिन लुटेरे इस गोल्ड लोन स्कीम का इस्तेमाल कर मौज उड़ा रहे हैं। हाल ही में जिले में इस तरह के कुछ मामले सामने आए हैं, जहां लुटेरे लूट के सोने को फाइनेंस कंपनियों में गिरवी रखकर कर्ज



ले रहे हैं। इन मामलों में पुलिस ने आरोपियों को तो गिरफ्तार कर लिया, लेकिन लूटा हुआ सोना फाइनेंस कंपनियों के पास गिरवी पड़ा है। हालांकि पुलिस का कहना है कि अब गोल्ड लोन बैंक के प्रबंधन की बैठक कर उनकी नियमावली की लिखित जानकारी लेगी। इसके बाद प्रकरणों की समीक्षा करेगी। इन बैंकों ने गोल्ड को पुलिस को बरामद करने के बाद रिकवरी को आरोपी व उसके गवाह के नाम पर चढ़ाया है, इसकी वसूली कैसे होगी यह भविष्य में सामने आएगा।

### प्रमाणिकता की जांच करनी बहुत जरूरी

पूरे मामले में खास है कि चोरी और लूट के पीड़ितों को सोना वापस भी नहीं मिल रहा है। रतनपुर क्षेत्र में 6 महीने पहले एक व्यापारी से हुई लूट की रकम और आभूषण का केस लंबित ही पड़ा है। यह भी जानकारी मिली कि लूट के जेवर फाइनेंस कंपनी में गिरवी रखी गई है। पुलिस ने बताया कि कोर्ट के आदेश के बाद ही पीड़ित को सोना मिल सकेगा। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि फाइनेंस कंपनियों को सोना गिरवी रखने से पहले उसकी प्रमाणिकता की जांच करनी चाहिए। यदि सोना चोरी या लूट का है, तो कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। कंपनियों को ज्वैलर से सोने की जांच करवानी चाहिए और पुलिस को भी इस बारे में सूचना देनी चाहिए।

### जांच ही नहीं कि सोना कहीं चोरी का तो नहीं

दरअसल भारत में कई बैंक और एनबीएफसीएस सोने के आभूषणों के बदले बिना बिल के गोल्ड लोन देते हैं, क्योंकि वे केवल सोने की शुद्धता का मूल्यांकन करते हैं। बजाज फाइनेंस, मथूट फाइनेंस, मणप्पुरम फाइनेंस, और एक्सिस बैंक जैसे प्रमुख संस्थान बिना बिल के, सिर्फ आधार/पैन कार्ड जैसे केवाईसी दस्तावेजों के आधार पर लोन दे रहे हैं। इनकी ब्याज दरें सामान्यतः 10%-18% वार्षिक के बीच है। यह बैंक कभी भी यह जांच नहीं करते कि सोना कहीं चोरी का तो नहीं है।

### आसानी से दे रहे हैं लोन

देखा जाए तो चोरी और लूट के गहने बैंक में गिरवीं रखे जाने के मामलों में बदमाश एवं पुलिस दोनों को फायदा है। बदमाश को गहने बैंक में रखकर लोन लेने में बाजार मूल्य की तुलना में कम रकम मिलती है। हालांकि इस रकम से चोर-लुटेरे को बैंक तक ले जाने वाले बैंक के एजेंट व अन्य लोग मोटा हिस्सा लेते हैं। दूसरी ओर पुलिस के लिए चोरी व लूट के गहनों की बरामदगी आसान है, लेकिन इसमें नुकसान बैंक का ही होता है। असल कमी बिना बिल के गोल्ड लोन मिलना है।

### कार्रवाई की जानी चाहिए

आईपीसी सेक्शन 411, 412, भारतीय न्याय संहिता, 317(2), 317(3) चुराई गई संपत्ति को बेईमानी से प्राप्त करना, ऐसी संपत्ति से कोई भी लाभ प्राप्त करना जो डकैती करने में चुराई गई हो। लूट-चोरी का सोना लेने वाले किसी के भी खिलाफ इन धाराओं के तहत प्रकरण में कार्रवाई की जानी चाहिए।

**- शशांक उपाध्याय**, हाईकोर्ट एडवोकेट

### मानकों की हो रही अनदेखी

बैंक बिना उचित बिल या आभूषणों की शुद्धता और स्रोत की गहन जांच किए लोन पास कर देते हैं, जिससे अपराधियों का हौसला बढ़ रहा है। बैंक केवल अपने टार्गेट पूरे करने के चक्कर में सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रहे हैं। चोरी का माल बैंक में रखना न केवल अनैतिक है बल्कि यह जांच एजेंसियों को भी गुमराह करता है। इसलिए गोल्ड लोन देते समय मूल खरीद बिल को अनिवार्य बनाया जाए, केवाईसी की प्रक्रिया जरूर पूरी हो, संदिग्ध लेनदेन वाले व्यक्तियों का रिकॉर्ड पुलिस के साथ साझा किया जाए इसके साथ ही बैंक, पुलिस और सराफा व्यापारी एक साझा नेटवर्क बनाएं ताकि चोरी के माल की पहचान तुरंत हो सके।

**- कमल सोनी**, अध्यक्ष,सराफा एसोसिएशन

**एसीसीयू और रतनपुर पुलिस की कार्रवाई**

# सवा करोड़ के गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, कार जब्त



**एनएच नवापारा चौक भेडी मुंडा के पास की गई तलाशी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कटघोरा से एमपी के लिए गांजा तस्करी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने सवा करोड़ का गांजा जब्त किया है। खास बात यह है कि एसीसीयू और रतनपुर पुलिस ने मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया है।

- कटघोरा से एमपी के लिए की जा रही थी गांजे की तस्करी

पुलिस को सूचना मिली थी कि अर्टिगा क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 7255में अवैध तौर पर गांजा की तस्करी की जा रही है। बताया जा रहा है कि चालक कटघोरा से तस्करी कर मध्यप्रदेश ले जा रहा था। रतनपुर पुलिस और एसीसीयू ने रेड की कार्रवाई करते हुए नेशनल हाईवे नवापारा चौक भेडी मुंडा के पास कार को रोक लिया। कटघोरा की ओर से आ रही की तलाशी ली गई। इस दौरान भारी मात्रा में गांजा मिला, जिसका वजन 245 किलोग्राम है। पुलिस के अनुसार इसकी कीमत 1 करोड़ 22 लाख रुपए के आसपास है। पुलिस ने आरोपी अमित कुमार केवट निवासी भुतही टोला बुढार पर नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की है और अपराध में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी रतनपुर प्रशिक्षु भापुसे अंशिका जैन, निरीक्षक अनिल अग्रवाल, एसीसीयू प्रभारी गोपाल सतपथी, विष्णु यादव, कमलेश बंजारे, सैय्यद अकबर अली एवं अन्य पुलिस स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# त्रिनेत्र सेवा समिति ने एक करोड़ रुपए जुटाए

**बिलासपुर।** त्रिनेत्र सेवा समिति को शहरवासियों का व्यापक समर्थन मिल रहा है और अब तक 1 करोड़ रुपए की स्वस्फूर्त राशि नागरिकों द्वारा जमा की जा चुकी है। समिति की बैठक इंटीग्रेटेड कमाण्ड एवं कंट्रोल सेंटर तारबाहर चौक में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल ने की।

बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, प्रवीण झा, डॉ. देवेन्द्र सिंह, सतीश कुमार शाह, नवदीप अरोरा, सुरेन्द्र गुम्बर, प्रमोद खेड़िया, सिद्धार्थ भट्टाचार्य, आशीष खेड़िया, मनीष अग्रवाल, मनीष सखूजा, प्रकाश सोंथालिया, जवाहर सराफ, मनीष जैन, राजकुमार केडिया, प्रवीण भार्गव, नवदीप सिंह छाबड़ा, राजीव कुमार छुरा, रामगोपाल करियारे, वाय श्रीनिवास एवं सौरभ सक्सेना उपस्थित रहे।

बैठक में वाय श्रीनिवास एवं राजीव कुमार छुरा द्वारा त्रिनेत्र परियोजना पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। तकनीकी समिति की अगली बैठक 20 अप्रैल को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें टेलीकॉम कंपनियों एवं अडानी गैस के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। त्रिनेत्र के प्रचार-प्रसार को बढ़ाने के लिए एक प्रचार-प्रसार समिति का गठन किया गया है, जो फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाएगी। इस समिति की जिम्मेदारी मनीष अग्रवाल को दी गई है, जिसमें प्रवीण भार्गव, आशीष केडिया, प्रकाश सोंथालिया एवं शंकर राव को सदस्य बनाया गया है।



### समन्वय स्थापित करने समिति गठित

त्रिनेत्र संचालन समिति से अन्य व्यावसायिक संगठनों को जोड़ने एवं उनका सहयोग प्राप्त करने के उद्देश्य से सुनील सोंथालिया की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया। जो विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों से समन्वय स्थापित करेगी। नागरिकों एवं व्यावसायिक संगठनों से सहयोग प्राप्त करने के लिए एक अन्य समिति का गठन किया गया है। जिसकी अध्यक्षता प्रवीण झा को सौंपी गई। उनके सहयोग के लिए सुरेन्द्र गुम्बर, प्रमोद केडिया, सतीश शाह, विनोद मेघानी, परमजीत सिंह सलूजा, केतन सुतारिया, विनोद जैन, प्रमोद जैन एवं कमल सोनी को शामिल किया गया है। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने त्रिनेत्र अभियान को जनआंदोलन का रूप देने पर जोर दिया।

# ट्रेन के गेट पर बैठकर सोया युवक नीचे गिरकर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेन की गेट पर बैठने के बाद युवक को नींद आ गई और वह सो गया। अचानक झटका लगने के कारण वह सीधे ट्रेन के नीचे गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोट पहुंचने पर सिम्स में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

- रात 3 बजे गीतांजलि एक्सप्रेस में हुई घटना

प्रतिदिन देर रात बिलासपुर पहुंचने वाली 12859 सीएसएमटी-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस में गुरुवार को गुना निवासी श्रीमोहन सहित तीन अन्य अहमदाबाद से चक्रधरपुर जा रहे थे। कोच में मजदूर सहित अन्य यात्रियों की भीड़ के कारण उन्हें बैठने के लिए जगह नहीं मिल सकी तो श्रीमोहन और उसका मित्र सोनू वैष्णव कोच के गेट पर जाकर बैठ गए। गेट पर बैठे-बैठे अचानक श्रीमोहन को नींद लग गई। दाधापारा स्टेशन के पास अचानक झटका लगने से गहरी नींद से सोया श्रीमोहन नीचे गिर गया। श्रीमोहन को नीचे गिरते देख उसके साथ बैठे सोनू वैष्णव ने अलार्म चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोकवा दिया। अपने एक साथी के साथ सोनू वैष्णव ने पीछे जाकर श्रीमोहन को अंदर से बाहर निकाला। इस दौरान वहां रेलवे के अन्य कर्मचारी और दूसरे यात्री भी पहुंच गए थे। चेन पुलिंग के कारण गाड़ी दाधापारा-बिलासपुर के बीच आधे घंटे तक खड़ी रही। देर रात 3 बजे ट्रेन से गिरकर घायल हुए श्रीमोहन का मेमो बिलासपुर जीआरपी के पास पहुंचा। घायल श्रीमोहन को बिलासपुर लाने के बाद जीआरपी ने उपचार के लिए तत्काल सिम्स में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।



घायल सिम्स में भर्ती।


हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


# एसी थ्री में 60 से अधिक और एसी 2 की वेटिंग 40 के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी की छुट्टी होने के साथ बच्चों के साथ उनके परिजन बाहर जाने से ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ एसी कोच में है, जिसके कारण एसी थ्री की वेटिंग 60 से अधिक और एसी टू की वेटिंग ने 40 का आंकड़ा पार कर दिया है। वेटिंग के कंफर्म होने के लिए सैकड़ों यात्री अभी भी इंतजार में खड़े हुए हैं।

स्कूलों की परीक्षा समाप्त होने के अलावा भीषण गर्मी को देखते हुए शासन ने मई तक की छुट्टी करने का आदेश जारी कर दिया है। छुट्टी का समाचार मिलने के बाद बच्चों के चेहरे भी खिल गए हैं। प्रतिवर्ष बच्चे और उनके परिजन छुट्टियां मनाने के लिए बाहर आना-जाना करते हैं, जिसके कारण ट्रेनों में अप्रैल से जून जुलाई तक काफी भीड़ रहती है। रेल प्रशासन सबसे अधिक भीड़ वाले रूट पर स्पेशल ट्रेन की सुविधा देती है, जिसके लिए अतिरिक्त 30 फीसदी की राशि यात्रियों से कंफर्म बर्थ देने के लिए लिया जाता है। इस वर्ष भी रेलवे ने बिलासपुर से रवाना होने के अलावा गुजरने वाली समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन तो शुरु किया है, लेकिन यह ट्रेनें दो तीन माह के बजाय एक या दो तीन फेरे के लिए चलाई जा रही हैं। यह ट्रेन एक दो फेरा लगाकर कभी भी बंद हो सकती है, जिसकी वजह से बाहर आने-जाने वाले यात्रियों को



- ट्रेनों के एसी कोच में कंफर्म के लिए यात्री कतार में

समर स्पेशल से ज्यादा विश्वास सामान्य एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में है। वहीं भीषण गर्मी के कारण जनरल और स्लीपर कोच के साथ यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ एसी थ्री, एसी टू में हो गई है। गर्मी से बचने के लिए तत्काल और प्रीमियम तत्काल कराने को भी यात्री तैयार हो गए हैं, जिसके कारण वेटिंग के आंकड़े भी 60 से 65 के बीच पहुंच गए हैं।

### तत्काल में भी वेटिंग

आरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में सारी ट्रेनों के एसी कोच की वेटिंग काफी बढ़ जाती है। एसी कोच में अगर एक भी वेटिंग हो तो उसे सफर करने की अनुमति नहीं है। गर्मी अधिक के कारण एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या अधिक हो गई है, जिसकी वजह से तत्काल ओपन होते ही यात्रियों को बड़ी मुश्किल से कंफर्म टिकिट मिल पा रहा है।


The Foundation Bilaspur (C.G)
Foundation Cricket Academy
Estd. 2016
AT SARKANDA BILASPUR
A COMPLETE CRICKETING SCHOOL
OPENING TODAY
18TH APRIL | SATURDAY
ADMISSION OPEN
FACILITIES
NURSERY LEVEL COACHING
PERFORMANCE ANALYSIS
HI-TECH EQUIPMENTS
EXPERT COACHES
PLAY AREA FOR KIDS
MATCH PRACTICE AND GAME AWARENESS
SECURE ENVIRONMENT WITH CCTV CAMERA'S
FRIENDLY ENVIRONMENT
HI-TECH EQUIPMENTS
EXPERT COACHES
बेटी बचाओ... बेटी पढ़ाओ... बेटी खिलाओ...
FREE ADMISSION FOR GIRLS
10 YEARS OF TRUST
Call For Queries+91 62699-65000
INFRONT OF MARK HOSPITAL, KAPIL NAGAR TO CHATTIDIH ROAD, SARKANDA, BILASPUR (CG)